# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 109 | गौतमबुद्धनगर, मंगलवार 19 मार्च 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236






P- 3

28.07 करोड़ की धोखाधड़ी में बैंक के दो



P- 4

आबकारी, पुलिस ने की कार्रवाई, पांच भट्ठियां और 18000 हजार लीटर




P- 5

बलूचिस्तान पर उठाई आवाज, अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मानवाधिकार



P- 6

मंधाना ने डब्लूयूपीएल खिताब जीतकर अहम उपलब्धि अपने नाम की

## हैप्पी मॉर्निंग

शादी के वक्त
दूल्हा- पंडित जी, पत्नी को दाई तरफ बैठना है या बाई तरफ
दूल्हे की बात सुनकर पहले तो पंडित जी दो मिनट शांत रहे
फिर पंडित जी बोले- देख लो जैसा ठीक लगे बाद में तो
सिर पर ही बैठेगी
पंडित जी की बात सुनकर दूल्हा दंग



## शायरी

घरों पर नाम थे नामों के साथ ओहदे थे
बहुत तलाश किया कोई आदमी न मिला

## अर्थसार

सेंसेक्स:
72,748.42
+104.99 (0.14%)
निफ्टी:
22,055.70
+32.35



## मौसम



अधिकतम : 30 डिग्री से0
न्यूनतम : 16 डिग्री से0
सूयोदय बुधवार : 6 : 50
सूर्यास्त मंगलवार : 6 : 36

# चुनाव आयोग का छह राज्यों के गृह सचिव बदलने का आदेश

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव मशीनरी की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में उठाये गये एक महत्वपूर्ण कदम के तहत छह राज्यों के गृह सचिव बदलने का आदेश दिया है।

सूत्रों के अनुसार आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार को भी चुनाव कार्य से दूर रखने का आदेश दिया है और राज्य सरकार को उनकी जगह नियुक्ति के लिए तीन पुलिस अधिकारियों के नामों का पैनल भेजने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि आयोग ने बृहन्मुंबई महानगर निगम के आयुक्त और प्रशासक इकबाल सिंह चहल को भी चुनाव कार्य से मुक्त करने का आदेश दिया है।





सूत्रों ने कहा कि आयोग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश , उत्तराखंड और झारखंड की सरकारों को उनके मौजूदा गृह सचिवों को हटाने का आदेश दिया है।

इनकी जगह आयोग की निगरानी में दूसरे अधिकारियों की नियुक्ति की जायेगी। सूत्रों ने कहा कि आयोग ने मिजोरम और हिमाचल प्रदेश सरकारों को उनके सामान्य प्रशासनिक विभागों के सचिवों को भी बदलने के संबंध में निर्देश जारी किये हैं। आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार को पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार को उनके मौजूदा प्रभार से हटाकर गैर चुनाव कार्य में नियुक्त करने का आदेश दिया है।

आयोग ने राज्य सरकार को उनकी जगह तैनात किये जाने वाले अधिकारी के चयन के लिए तीन पुलिस अधिकारियों के नाम की सूची भेजने को कहा है। राज्य सरकार को इस संबंध में कार्रवाई पूरी करने के लिए आज शाम पांच बजे तक का समय दिया गया है।

# कोलकाता में 5 मंजिला बिल्डिंग गिरी, 8 की मौत

## कई लोगों के फंसे होने की आशंका; आरोप- बगैर परमिशन हो रहा था निर्माण

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रविवार देर रात एक 5 मंजिला अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग गिर गई। सुबह तक इसमें 2 लोगों के मौत की खबर थी अब यह आंकड़ा 8 हो गया है। घटना साउथ कोलकाता के मेटियाब्रुज की है। अब तक 13 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। मलबे में कई और लोगों के दबे होने की आशंका है।

उधर, सोमवार सुबह बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी हादसे वाली जगह पर पहुंचीं। पुलिस के मुताबिक घटना के समय बिल्डिंग खाली थी। इसके बगल में झुग्गियां हैं, जिन पर बिल्डिंग गिर गई। वहां लोग सो रहे थे। लोगों की तलाश करने के लिए मलबे को गैस कटर से काटकर हटाया जा रहा है।

कोलकाता पुलिस, डिजास्टर मैनेजमेंट और फायर सर्विस की टीमें अभी भी सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। कई एम्बुलेंस भी तैनात की गई हैं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल का



इलाका भीड़भाड़ वाला है। इसलिए सावधानी बरती जा रही है।

### स्थानीय लोगों ने अवैध निर्माण का आरोप लगाया

पुलिस के मुताबिक, जो बिल्डिंग गिरी, वहां पिछले छह महीने से निर्माण का काम चल रहा था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोलकाता नगर निगम और पुलिस की अनुमति के बिना कंस्ट्रक्शन हो रहा था।

घटना को लेकर भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया।

उन्होंने हादसे की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा- मेटियाब्रुज स्थित गार्डन रीच एरिया में हजारी मोल्ला बागान में अवैध रूप से निर्मित एक 5 मंजिला इमारत ढह गई है। यह क्षेत्र कोलकाता के मेयर और नगरपालिका मामलों के मंत्री का गढ़ है।

# 21 मार्च तक सारी जानकारी दे एसबीआई

## इलेक्टोरल बॉन्ड के नंबर भी बताएं; चेयरमैन हलफनामा दें कोई जानकारी नहीं छिपाई

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (18 मार्च) को एसबीआई से कहा कि वह इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी हर जानकारी 21 मार्च तक दे। सुप्रीम कोर्ट ने नए आदेश में उन यूनीक बॉन्ड नंबर्स के खुलासे का भी आदेश दिया, जिनके जरिए बॉन्ड खरीदने वाले और फंड पाने वाली राजनीतिक पार्टी का लिंक पता चलता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 21 मार्च की शाम 5 बजे तक एसबीआई के चेयरमैन एक एफिडेविट भी दाखिल करें कि उन्होंने सारी जानकारी दे दी है। सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि एसबीआई जानकारियों का खुलासा करते वक्त सिलेक्टिव नहीं हो सकता। इसके लिए आप हमारे आदेश का इंतजार न करें।

सीजेआई ने कहा- एसबीआई चाहती है हम ही उसे बताएं किसका खुलासा करना है, तब वे बताएंगे। ये रवैया सही नहीं है। बॉन्ड के यूनीक नंबर्स न होने पर कोर्ट ने 16 मार्च को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस देकर 18 मार्च तक जवाब मांगा था। कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी एसबीआई से मिली जानकारी तुरंत अपलोड करने निर्देश दिया है।

बेंच ने 11 मार्च के फैसले में एसबीआई को बॉन्ड की पूरी डिटेल देने का निर्देश दिया था।

हालांकि, एसबीआई ने सिर्फ बॉन्ड खरीदने और कैश कराने वालों की जानकारी दी। इस बात का खुलासा नहीं किया गया था कि किस डोनर ने किस राजनीतिक पार्टी को कितना चंदा दिया।

# यूनीवार्ता के पूर्व ब्यूरो प्रमुख अरुण केसरी का निधन

नयी दिल्ली। अग्रणी समाचार एजेंसी यूनीवार्ता के पूर्व ब्यूरो प्रमुख अरुण कुमार केसरी का रविवार शाम निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, पुत्री और दो पुत्र हैं। केसरी दो दिनों से मामूली रूप से अस्वस्थ थे। रविवार शाम उनका गाजियाबाद जिले के वसुन्धरा स्थित यूएनआई अपार्टमेंट में अपने निवास पर निधन हो गया। केसरी ने 1982 में यूनीवार्ता की शुरुआत से ही एजेंसी में अपनी सेवायें देनी शुरू कर दी थी।

# पंजाब में हो सकता है भाजपा-अकाली समझौता

नयी दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधन की बात चल रही है और यदि गठबंधन हो जाता है तो राज्य की 13 संसदीय सीटों में से चार से पांच सीट भाजपा को मिलने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार भाजपा लोकसभा चुनावों में 370 का आंकड़ा पार करने एवं सहयोगियों के साथ मिल कर 400 से अधिक सीटें हासिल करने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी के लिये वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सदस्यों के विस्तार के लिये काम कर रही है। पार्टी के एक प्रमुख रणनीतिकार एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी हाल ही में कहा था कि शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन भाजपा ने नहीं तोड़ा था। उन्होंने संकेत दिये थे कि दोनों पार्टियां फिर से मिल कर चुनाव लड़ सकती हैं।

सूत्रों ने बताया कि दोनों दलों के बीच बातचीत सीटों की संख्या को लेकर हो रही है।

शिरोमणि अकाली दल ने भाजपा के लिये चार से पांच सीट देने की पेशकश की है जबकि भाजपा ने पांच से छह सीटों पर दावा किया है।

# बिहार में राजग की सीटों का बंटवारा, भाजपा 17, जदयू 16, लोजपा 5

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा हो गया है जिसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 16, लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास (लोजपा) 05, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (रालोमो) एक -एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी में बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, जदयू के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा के





प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और हम के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में एक साथ इसका ऐलान किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजग को 400 पार पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए बिहार की सभी 40 सीटें जीत कर देने का इरादा व्यक्त किया। सभी नेताओं ने सीट बंटवारे पर संतोष व्यक्त किया। तावड़े ने कहा कि बिहार में राजग के पांच सदस्य दल -भाजपा, जदयू, लोजपा, हम एवं रालोमो के चुनाव चिह्नों पर राजग के रूप में एक साथ चुनाव लड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि चुनाव चिह्न भले ही अलग हों लेकिन सभी पांचों दल एक साथ सभी 40 सीटों पर ताकत लगाएंगे और जीत कर आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा 17 सीटों पर, जदयू 16 सीटों पर, लोजपा पांच सीटों पर तथा हम एवं रालोमो एक एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा महासचिव ने कहा कि भाजपा जिन सीटों पर लड़ेगी, वे हैं -पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुज़फ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, उजियारपुर, बेगूसराय, नवादा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर एवं सासाराम। जदयू जिन सीटों पर लड़ेगी, वे हैं - वाल्मीकिनगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सीवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर, नालंदा, जहानाबाद एवं शिवहर। लोजपा को वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर, खगड़िया एवं जमुई सीटें मिलीं हैं। हम को गया और रालोमो को काराकाट सीट दी गयी है।

इससे पहले भाजपा के कोर समूह की बैठक में सीटों के बारे में मुहर लगायी गयी। आशा है कि जल्दी ही उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी जाएगी।

# बिहार : 16 साल की लड़की का खौफनाक मर्डर, सिर्फ धड़ मिला

खगड़िया। खगड़िया में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की हत्या कर उसके शव को टुकड़ों में काट कर नदी फेंक देने का मामला सामने आया है। सोमवार की शाम उसकी हाथ सहित गर्दन से नीचे और कमर से ऊपर का एक हिस्से को बरामद किया गया। शव के बाकी टुकड़े की पुलिस तलाश कर रही है। मामला अलौली प्रखंड के बहादुरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुम्भा पंचायत का है।

वहीं उसके शरीर के टुकडों को केहुना गांव से एक किलोमीटर दूर मुसमारा बहियार से बरामद किया गया है। जहां सोमवार को बोरी में बंद लड़की का शव मिलने की खबर सुनकर उसके



परिजन पहुंचे तो उन्होंने हाथ में पहने कंगन और कपड़े से शव की पहचान खुशी कुमारी के रूप में की। बताया जा रहा है की लड़की शनिवार को घर से निकली थी। जिसके वह गायब थी।

### शनिवार की शाम घर से निकली थी

केहूना गांव निवासी रंजन पासवान ने शव की पहचान करते हुए कहा कि मेरी पुत्री शनिवार की शाम घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उसके बाद से हमलोग अपने रिश्तेदार और परिचित लोगों के यहां जाकर उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान आज अचानक पता लगा कि मुसमरा बहियार में बोरी में बंद एक लड़की का शव मिला है।

पिता ने कहा कि मेरी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंचे अलौली के थानाध्यक्ष समरेंद्र कुमार और बहादुरपुर के थानाध्यक्ष अजय कुमार ने छानबीन शुरू कर दी, लेकिन हत्या का कारण पता नहीं चल पाया है।

# तंबाकू के लिए टीचर की हत्या

## हेड कॉन्स्टेबल ने कार्बाइन से भून डाला; प्रदेश भर के शिक्षक विरोध में धरने पर बैठे

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में नशे में धुत्त हेड कॉन्स्टेबल ने टीचर पर सरकारी कार्बाइन से अंधाधुंध फायरिंग की। जिसमें टीचर की मौत हो गई। हेड कॉन्स्टेबल ने तंबाकू न देने से नाराज होकर वारदात को अंजाम दिया। घटना रविवार देर रात की एसडी इंटर कॉलेज के गेट की है।

घटना के बाद प्रदेश भर के शिक्षकों में भारी आक्रोश है। लखनऊ, मेरठ समेत कई जिलों में विरोध प्रदर्शन चल रहा है। मेरठ के डूस कॉलेज में टीचर्स ने कार्य का बहिष्कार किया है। जबकि एसडी कॉलेज के बाहर शिक्षक नारेबाजी कर रहे हैं। सर्कुलर रोड पर चौधरी छोटूराम इंटर कॉलेज के सामने



शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। चरथावल से सपा विधायक पंकज मलिक, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप और सीओ सिटी व्योम बिंदल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह शिक्षकों के बीच पहुंचे हैं। उन्हें समझाने की कोशिश की जा रही है।

### पीड़ित परिवार को 10 करोड़ रुपये देने की मांग

शिक्षकों की मांग है कि आरोपी के खिलाफ रासुका लगाई जाए। पीड़ित परिवार को 10 करोड़ रुपये और परिवार के एक सदस्य को पीसीएस रैंक की नौकरी दी जाए। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार और भविष्य में शिक्षकों को ट्रक में ड्यूटी पर नहीं भेजा जाए।

शिक्षकों ने कहा कि सभी मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने पर ही धरना प्रदर्शन समाप्त किया जाएगा। तब तक यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन भी नहीं करेंगे।

वाराणसी से 14 मार्च को यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा की कॉपी लेकर अध्यापक धर्मेन्द्र कुमार और संतोष कुमार चले थे। उनके साथ इंस्पेक्टर नागेन्द्र चौहान, हेड कॉन्स्टेबल चन्द्रप्रकाश और 2 अन्य कर्मचारी जितेन्द्र मौर्य और कृष्णप्रताप गाड़ी से थे। सभी लोग प्रयागराज, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद और बिजनौर में कॉपियां उतारकर रविवार रात करीब 12: 30 बजे मुजफ्फरनगर पहुंचे। यहां एसडी इंटर कॉलेज का गेट बंद था तो गाड़ी गेट पर ही लगाकर सभी लोग आराम करने लगे। ट्रक में आगे ड्राइवर के साथ सब इंस्पेक्टर नागेन्द्र चौहान और अध्यापक संतोष कुमार थे।

**इलेक्टोरल बॉन्ड**

## इसमें 2019 से पहले की भी जानकारी; भाजपा ने सबसे ज्यादा 6,986 करोड़ के बॉन्ड कैश कराए

# चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड का नया डेटा वेबसाइट पर डाला

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से 16 मार्च को मिला इलेक्टोरल बॉन्ड का नया डेटा रविवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। नए डेटा में फाइनेंशियल ईयर 2017-18 के बॉन्ड्स की जानकारी शामिल है।

आयोग ने 14 मार्च को 763 पेज की दो लिस्ट में अप्रैल 2019 के बाद खरीदे या कैश किए गए बॉन्ड की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की थी। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी, जबकि दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बॉन्ड की डिटेल थी।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर स्टेट





बैंक ऑफ इंडिया ने 14 मार्च को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी चुनाव आयोग को दी थी। इसमें बॉन्ड के यूनीक अल्फा न्यूमेरिक नंबर्स नहीं थे। कोर्ट ने 15 मार्च को एसबीआई को नोटिस जारी कर 18 मार्च तक जवाब मांगा है।

चुनाव आयोग के डेटा के मुताबिक, भाजपा ने कुल 6 हजार 986 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड कैश कराए हैं। पार्टी को 2019-20 में सबसे ज्यादा 2 हजार 555 करोड़ रुपए मिले हैं।

वहीं, DMK को इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से 656.5 करोड़ रुपए मिले, जिसमें लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के फ्यूचर गेमिंग से 509 करोड़ रुपए भी शामिल हैं।

### राजनीतिक पार्टियों ने मांगे बॉन्ड्स के यूनीक नंबर्स

आयोग की वेबसाइट पर मौजूद डेटा के मुताबिक कुछ पार्टियों ने एसबीआई से बॉन्ड्स के यूनीक नंबर्स मांगे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि उसे नंबर्स चाहिए ताकि वह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन कर सके। भारतीय जनता पार्टी ने एसबीआई से ऐसी कोई अपील नहीं की है, बल्कि उसने पूरा डेटा दिया है।

बहुजन समाज पार्टी ने कहा कि उसे चुनावी बॉन्ड के जरिए कोई चंदा नहीं मिला है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने भी कहा कि उसे भी इलेक्टोरल बॉन्ड्स से चंदा नहीं मिला।

कांग्रेस ने कहा कि वह एसबीआई द्वारा चुनाव आयोग को दिया गया डेटा जारी करेगी।

# मोदी के अधर्म, भ्रष्टाचार, असत्य की शक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं हम

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए अधर्म, भ्रष्टाचार और झूठ की शक्ति का इस्तेमाल कर रहे हैं और कांग्रेस इसी शक्ति के खिलाफ लड़ रही है। गांधी ने सोमवार को ट्वीट कर कहा, मोदी जी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं, किसी न किसी तरह उन्हें घुमाकर वह उनका अर्थ हमेशा बदलने की कोशिश करते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि मैंने एक गहरी सच्चाई बोली है।

जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं।

वह एक ऐसी शक्ति है जिसने आज भारत की आवाज़ को, भारत की संस्थाओं को, सीबीआई, आईटी, ईडी,



चुनाव आयोग को, मीडिया को, भारत के उद्योग जगत को, और भारत के समूचे संवैधानिक ढाँचे को ही अपने चंगुल में दबोच लिया है।

उन्होंने कहा, उसी शक्ति के लिए नरेंद्र मोदी जी भारत के बैंकों से हज़ारों करोड़ के क़र्ज़ माफ़ कराते हैं जबकि भारत का किसान कुछ हज़ार रुपयों का क़र्ज़ न चुका पाने पर आत्महत्या करता है।

# स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना बड़ी चुनौती

एक लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हर मतदाता से उम्मीद की जाती है कि न केवल वह अपने विवेक से मतदान करे, बल्कि मतदान की प्रक्रिया को भी बाधित होने से बचाए।

आम चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है। सात चरण में मतदान होंगे। पहले चरण के मतदान से लेकर नतीजों की घोषणा तक डेढ़ महीने चुनाव का माहौल बना रहेगा। पहले चरण के मतदान से पहले भी पूरा एक महीना राजनीतिक दलों को मिला है। यानी चुनाव कुल ढाई महीने की अवधि में फैला है। यों राजनीतिक दल इसके लिए काफी पहले से तैयारियों में जुट गए थे। उम्मीदवारों के नामों की घोषणा, सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे आदि को लेकर मंथन काफी समय से चल रहा था। अब वे अपना-अपना समीकरण लेकर मैदान में उतरेंगे। मगर चुनाव का ज्यादा दारोमदार आखिरकार मतदाता पर होता है।

वह चुनाव को क्या दिशा देता है, इस पर दुनिया की नजर टिकी होती है। मगर कुछ चुनावों के अनुभवों से जाहिर है कि मतदाता चुनाव को लोकतंत्र के उत्सव के रूप में मनाने के बाजाय दलगत उन्माद से भर जाते हैं। इसी का नतीजा कई जगहों पर राजनीतिक हिंसा में दिखाई देता है। कुछ राज्यों में हिंसा की घटनाएं चिंता पैदा करती हैं। इसी के मद्देनजर भारतीय निर्वाचन आयोग को अपनी रणनीति तैयार करनी पड़ती है। चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप में संपन्न कराए जा सकें, यह निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी चुनौती होता है।

चुनाव के वक्त राजनीतिक दल एक-दूसरे पर स्वाभाविक रूप से आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं। उसमें कई बार आपत्तिजनक बयान भी आ जाते हैं। उस पर नजर रखना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। मगर पिछले कुछ चुनावों से देखा जा रहा है कि पार्टियों के समर्थक खुद राजनेताओं के बयानों के बचाव या विरोध में परस्पर गुत्थम-गुत्था हो जाते हैं। पश्चिम बंगाल और दक्षिण के कुछ राज्यों में ऐसा वातावरण कुछ अधिक देखने को मिलता है। लोकतंत्र में असहमति अच्छी बात है, मगर उसे लेकर हिंसा पर उतर जाना किसी भी रूप में लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। इससे नाहक निर्वाचन आयोग और सुरक्षाबलों की परेशानियां बढ़ती हैं। बहुत सारे मतदाताओं के मनोबल पर भी इसका असर पड़ता है और वे मतदान केंद्रों तक पहुंचने से हिचकते हैं।

एक लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हर मतदाता से उम्मीद की जाती है कि न केवल वह अपने विवेक से मतदान करे, बल्कि मतदान की प्रक्रिया को भी बाधित होने से बचाए। मतदान के बदले राजनीतिक दलों की तरफ से दिए जाने वाले पैसे और उपहार वगैरह के प्रलोभन से पार पाना भी बड़ी चुनौती बन गया है, इस मामले में भी मतदाताओं की मदद की अपेक्षा है।

ड्डहालांकि इतने लंबे समय तक चुनाव को फैला देने पर कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों के एतराज को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। चुनाव की अवधि जितनी लंबी खिंचती है, उतनी ही उसमें गड़बड़ियों की आशंका भी बनी रहती है।

इसे लेकर कई बार आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है। पहले चरण के मतदान के बाद करीब डेढ़ महीने तक वोटिंग मशीनों की निगरानी करनी पड़ेगी। इतने लंबे समय तक आदर्श आचार संहिता लागू रहने से सरकारी कामकाज भी प्रभावित होंगे। सुरक्षाबलों को लगातार एक से दूसरे इलाके में स्थांतरित करते रहना पड़ेगा। इसलिए मांग की जाती रही है कि चुनाव को कम से कम समय में संपन्न कराया जाना चाहिए। हालांकि सुरक्षा कारण बड़ी चिंता का विषय हैं, पर इतनी लंबी अवधि में फैले चुनाव में स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना खुद निर्वाचन आयोग के लिए भी कम कठिन काम नहीं होता है।

# आम चुनाव में अर्जुन की आंख चाहिए



- ललित गर्ग-



लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए। य

इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं - आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं। इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गडाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं।

मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा।

विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक चुनावों का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि सभी विपक्षी दलों ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच उन्हें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो? आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों के पास नहीं है। महाभारत युद्ध में भी तो ऐसा ही परिदृश्य था। कौरवों की तरफ से सेनापति की बागडोर आचार्य द्रोण ने संभाल ली थी।

एक दिन दुर्योधन आचार्य पर बड़े क्रोधित होकर बोले-"गुरुवर कहां गया आपका शौर्य और तेज? अर्जुन तो हमें लगता है समूल नष्ट कर देगा। आप के तीरों में जंग क्यों लग गई। बात क्या है?" आज लगभग हर राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व के सम्मुख यही प्रश्न खड़ा है और इस प्रश्न का उत्तर भी और कहीं नहीं, उन्हीं के पास है। राजनीति की दूषित हवाओं ने हर राजनीतिक दल और उसकी चेतना को दूषित कर दिया है। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसकी वजह से लोगों में विपक्षी दलों के प्रति विश्वास इस कदर उठ गया है कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती है। यही कारण है कि दुर्योधन की बात पर आचार्य द्रोण को कहना पड़ा, "दुर्योधन मेरी बात ध्यान से सुनो। हमारा जीवन इधर ऐश्वर्य में गुजरा है। मैंने गुरुकुल के चलते स्वयं 'गुरु' की मर्यादा का हनन किया है। हम सब राग रंग में व्यस्त रहे हैं। सुविधाभोगी हो गए हैं, पर अर्जुन के साथ वह बात नहीं। उसे लाक्षागृह में जलना पड़ा है, उसकी आंखों के सामने द्रौपदी को नग्न करने का दुःसाहस किया गया है, उसे दर-दर भटकना पड़ा है, उसके बेटे को सारे महारथियों ने घेर कर मार डाला है, विराट नगर में उसे नपुंसकों की तरह दिन गुजारने को मजबूर होना पड़ा। अतः उसके वाणों में तेज होगा कि तुम्हारे वाणों में, यह निर्णय तुम स्वयं कर लो। लगभग यही स्थिति आज के राजनीतिक दलों के सम्मुख खड़ी है।


किसी भी राजनीतिक दल के पास आदर्श चेहरा नहीं है, कोई पवित्र एजेंडा नहीं है, किसी के पास बांटने को रोशनी के टुकड़े नहीं हैं, जो नया आलोक दे सकें। जो मोदी रूपी अर्जुन के देश-विकास के बाणों का मुकाबला कर सके।

# टाईम पास

# चीन का विकल्प बनने को तैयार है भारत


चीन के आर्थिक हालात अब उसके वश में नहीं लग रहे हैं, जिससे अब उसका वैश्विक रुतबा भी डावांडोल होता दिखने लगा है। गौरतलब है कि पिछले दो-तीन दशकों में चीन से ज्यादा तीव्र आर्थिक प्रगति किसी अन्य मुल्क ने नहीं की है। 1990 के दौर में वैश्विक जीडीपी में चीन का हिस्सा मात्र दो फीसदी हुआ करता था, जो 2021 तक लगभग 20 फीसदी के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन अब उसमें गिरावट का दौर शुरू हो गया है। कुछ लोग इसका श्रेय कोरोना के बाद अमेरिका की तेजी से आर्थिक रिकवरी को देते हैं, तो बाकी विश्व की कुछ अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं, जिसमें भारत सबसे ऊपर है, के अलावा वियतनाम, इंडोनेशिया, मैक्सिको, पोलैंड की अर्थव्यवस्थाओं को भी देना उचित समझते हैं। हालांकि, अमेरिका को इसका श्रेय देना तर्कसंगत इसलिए लगता है, क्योंकि वर्ष 2022-23 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 80 खरब डॉलर का विस्तार हुआ है, जिसके चलते उसका वर्तमान स्तर तकरीबन 1050 खरब डॉलर के बराबर है और इस आर्थिक वृद्धि में अमेरिका का हिस्सा 45 फीसदी रहा है। यह अपने आप में एक बार फिर वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बादशाहत को दर्शाता है। हालांकि भारत का वर्तमान वैश्विक जीडीपी में हिस्सा तकरीबन चार फीसदी के आसपास है, पर भारत के विशाल घरेलू बाजार के चलते उसकी लगातार बढ़ रही आर्थिक विकास दर के कारण सभी सहमत हैं कि आने वाले समय में भारत ही वैश्विक स्तर पर चीन की जगह लेगा। इन सब के बीच, चीन को अभी से हारा हुआ नहीं समझा जा सकता। लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि चीन के वर्तमान आर्थिक हालात के पीछे का मुख्य कारण अमेरिका से उसकी अनावश्यक व्यापारिक प्रतिस्पर्धा है। वर्ष 2021 तक चीन, अमेरिकी जीडीपी के 76 फीसदी हिस्से को कवर भी कर चुका था, परंतु अब उसमें काफी कमी आ गई है। वर्तमान में चीन की अर्थव्यवस्था अमेरिका के जीडीपी का 65 फीसदी ही है। आने वाले समय में यह अंतर और भी बहुत तेजी से बढ़ेगा, क्योंकि अमेरिका के हालात उसके नियंत्रण में हैं, जबकि चीन में कई वजहों से अब स्थितियां बिल्कुल विपरीत हो चुकी हैं। इसका एक प्रमुख कारण है, चीनी सरकार व प्रशासन का सदैव वैश्विक स्तर पर बहुत अहंकारी रवैया। दूसरा, चीन के घरेलू बाजार में उपभोग क्षमता का लगातार कम होना, क्योंकि पिछली दो पीढ़ियां जनसंख्या नियंत्रण के चलते परिवार में एक बच्चे के साथ ही जीवन- यापन कर रही हैं। तीसरा मुख्य कारण चीनी अर्थव्यवस्था में वित्तीय ऋण का लगातार बढ़ता बोझ और चौथा मुख्य कारण है, बड़ी तेजी से चीनी बाजार का वैश्विक निवेशकों में अपना विश्वास खोना। चीन में अभी वित्तीय ऋण जीडीपी का 300 फीसदी है। आगामी वर्ष में प्रस्तावित चार से पांच फीसदी की विकास दर को हासिल करने के चक्कर में इस ऋण की मात्रा आने वाले कुछ वर्षों में 500 फीसदी हो जाएगी। सबसे बड़ी गड़बड़ी चीन में यह रही है कि वित्तीय ऋण का सबसे अधिक हिस्सा वहां की रियल एस्टेट कंपनियों को लगातार मिलता रहा। चीन में वर्तमान समय में तकरीबन 100 से अधिक बड़ी रियल एस्टेट कंपनियां हैं। इनमें से प्रथम 50 कंपनियां तो वित्तीय ऋण के कारण आर्थिक संकट में हैं। प्रथम पांच कंपनियां तो बैंकों द्वारा दिवालिया घोषित हो चुकी हैं, जिन पर 266 अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज चढ़ा हुआ है। दरअसल, चीन में भी रियल एस्टेट की कृत्रिम आर्थिक प्रगति का बुलबुला कुछ वैसे ही फूटने के कगार पर है, जैसे अमेरिका में वर्ष 2008 में लेहमन ब्रदर्स के दिवालिया होने पर हुआ था। पिछले दिनों चीनी सरकार तथा विश्व विख्यात चीनी बिजनेस टाइकून व अलीबाबा के संस्थापक जैक मा के साथ जिस तरह से चीनी सरकार का विवाद चर्चाओं में रहा, उसके चलते बड़े वैश्विक निवेशक अब चीन से दूरी बनाने लगे हैं। भारत अपनी लगातार बढ़ रही प्रति व्यक्ति उपभोग क्षमता के कारण उनकी पहली पसंद बन रहा है।

## काकुरो पहेली - 3126




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3125 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

सीदा-साधा चमन लड़कियों से बहुत दूर भागता था। वह नए साल की पार्टी मनाने के लिए घर से निकला ही था कि सामने चौराहे पर एक सुंदर, सजी-धजी युवती पर उसकी निगाह पड़ी।

युवती ने भी उसे देखा और अपने हाथ के गुब्बारे उसकी ओर बढ़ाकर शरारत भरे अदाज में कहा- 'डार्लिंग...! अब चले... पार्टी मनाने।'

चमन लड़खड़ाकर बोला- नहीं! मैंने आज से लड़कियों से दूरी बनाने का संकल्प लिया है।

□ □ □


रमन- 'यार, कल रात घर पहुँचने पर काफी देर तक दरवाजा खटखटाता रहा, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। आखिर मुझे रात बाहर ही गुजारनी पड़ी।'

चमन- 'फिर सुबह उठकर उन्हें डाँटा की नहीं?'

रमन- 'नहीं यार! कैसे डाँटता...। आँखें खुलने पर देखा तो पता चला कि मैं घर का नहीं बीयर बार का दरवाजा खटखटा रहा था।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3126



**बायें से दायें:-**

१. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-४
३. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-५
६. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
७. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-३
९. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-४
११. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
१२. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
१४. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१५. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-३
१७. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-३
२०. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-२
२२. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-२
२४. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-३
२७. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-३
२८. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-२
२९. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'बंधन' में सलमान का नाम?-२
३१. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका?-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-२
२. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-३
३. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-४
४. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-४
५. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
८. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल घवन, योगिता की फिल्म-४
११. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-३
१५. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-२,२
१६. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-३
१९. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-१,२,१
२१. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-३
२३. अनिल घवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-२
२५. 'पियू बोले जिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम?-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3125



## सूडोकु -3126


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3125 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3126



**बाएँ से दाएँ**

2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**

1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

शब्द पहेली -3125 का हल



# चुनाव को लेकर पुलिस - प्रशासन अलर्ट

## डीएम बोले- जिले को 120 सेक्टरों में बांटा गया, 2269 बूथों पर होगा मतदान

गौतम बुद्ध नगर। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद गौतम बुद्धनगर में डीएम और जॉइंट पुलिस कमिश्नर ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता की। उन्होंने चुनावों की तैयारी को लेकर जानकारी दी और बताया कि गौतम बुद्ध नगर को 120 सेक्टर में बांटा गया है। चुनावों में 5000 पुलिसकर्मी के साथ पैरामिलिट्री फोर्स, पीएसी, होमगार्ड और पीआरडी के जवान तैनात रहेंगे।



जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि इस बार गौतम बुद्ध नगर में द्वितीय चरण में मतदान होना है, जो की 26 अप्रैल को होगा। इस बार 26 लाख 20 हजार 40 मतदाता है। जिले की तीनों विधानसभा में कुल 18 लाख 30 हजार मतदाता है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे जिले को 120 सेक्टर में बांटा गया और 26 जोनल सेक्टर में बांटा गया है। सभी मजिस्ट्रेट ने ग्राउंड पर काम करना शुरू कर दिया है। उसके अलावा फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम सर्विलांस टीम, वीडियो टीम भी एक्टिव हो गई है। लोकसभा चुनावों को लेकर 641 मतदान केंद्र व 2269 मतदेय केंद्र बनाए गए हैं। इस बार हाईराइज सोसाइटी में भी बूथ बनाए गए हैं।

### 95 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी

हाईराइज सोसाइटी में नोएडा में 52 बूथ बने है और 48 बूथ दादरी में बनें है। 7 बूथ महिलाओं के लिए डेडीकेटेड है जबकि 4 बूथ दिव्यांगजनों के लिए और 5 बूथ यूथ डेडीकेटेड होंगे। जिले में करीब 51 मॉडल बूथ बनाए जाएंगे। 342 संवेदनशील पोलिंग स्टेशन चिह्नित किए गए है। एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिससे निगरानी की जाएगी। लोकसभा प्रत्याशी 95 लाख रुपए तक खर्च कर सकेंगे।

जॉइंट पुलिस कमिश्नर शिव हरी मीणा ने बताया कि जिले में करीब 1028 हिस्ट्रीशीटर पर कार्रवाई की गई है। चुनावों में 5000 पुलिसकर्मी के साथ पैरामिलिट्री, पीएसी,होमगार्ड, पीआरडी जवान तैनात रहेंगे। जिले के सभी बॉर्डर पर चेकिंग की जा रही है। चुनावों में गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंसी असलहे को थाना स्तर पर या दुकान पर जमा करने की कार्रवाई चल रही है।

### असामाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर

असामाजिक तत्वों पर पुलिस के द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। थानों की टीम के अलावा सर्विलांस की टीम व डीसीपी स्तर पर सर्विलांस की टीम और कमिश्नरेट स्तर पर भी सर्विलांस की टीम इस पर निगरानी रख रही है। अवैध शराब, मादक पदार्थ देने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# जेवर में तीन लोगों को तेज रफ्तार कार ने कुचला

## एक की मौत दो की हालत गंभीर

जेवर। जेवर टोल के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार को खुर्जा अंडर पास पर खड़े तीन लोगों में नोएडा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको एक्सप्रेसवे की एम्बुलेंस ने कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

यमुना एक्सप्रेसवे के खुर्जा अंडरपास पर लोग नोएडा दिल्ली, आगरा आदि शहरों के आने जाने के लिये वाहनों का इंतजार करते है। सोमवार को भी यहां सुरेश (39) निवासी चक नगलिया जहांगीरपुर और राजकुमार (55) अपने पुत्र कुलदीप (19) निवासी मानागढ़ी नौझील मथुरा आगरा साइड पर अपने घरों को जाने के लिये बसों का इंतजार कर रहे है। तभी स्विफ्ट कार से आगरा की ओर जा रहे राजा कुमार निवासी न्यू दिल्ली ने खुर्जा अंडर पास पर खड़े तीनो व्यक्तियों में तेज रफ्तार कार से टक्कर मार दी। जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### तीनो को जेवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया

हादसे की सूचना पर एक्सप्रेस व की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और तीनो को जेवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान सुरेश की मौत हो गई।

स्थानीय लोगों को कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों की वजह से पिछले कुछ महीनो में और भी कई भीषण हादसे हुए है।

लेकिन उसके बावजूद भी उनकी तरफ स्थानीय पुलिस कोई ध्यान नहीं देती है। जिसके कारण बेख़ौफ होकर वाहन दौड़ाए जा रहे हैं।

# 10 लाख से अधिक के लेनदेन पर रहेगी नजर

**बैंकर तैयार करेंगे सूची, जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से भेजी जाएगी आयकर विभाग**

नोएडा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मनीष कुमार वर्मा ने आज बैंकर के साथ बैठक की। इस दौरान बैंकर को निर्देश दिया कि बैंकों में हो रहे 10 लाख रुपए से अधिक के लेनदेन की पूरी रिपोर्ट तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजेंगे। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी इस संबंध में जानकारी आगे आयकर विभाग को भेजेंगे। उन्होंने बैंकर को 10 लाख रुपए से अधिक के लेनदेन पर विशेष निगरानी रखने के लिए कहा। ताकि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता को लुभाने के लिए धन के प्रयोग पर अंकुश लगाया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि बाह्य स्रोत एजेंसियों व कंपनियों से नगदी ले जाने वाली गाड़ियां किसी भी परिस्थिति में बैंक की नगदी के अतिरिक्त किसी अन्य पक्ष की नगदी अपने साथ वाहन में नहीं रखेंगे। बाह्य स्रोत एजेंसी व कंपनी के पास बैंकों द्वारा जारी पत्र व दस्तावेज वगैरह होने चाहिए, जिसमें उन्हें बैंकों द्वारा दी गई नगदी का विवरण व किस प्रयोजन के लिए राशि उपलब्ध करायी गयी है (जैसे एटीएम मशीनों में भरने/अन्य शाखाओं अथवा बैंकों में रखने आदि) की पूरी जानकारी होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नियुक्त किए गए उड़न दस्ता दल या स्टैटिक निगरानी दल के द्वारा इन गाड़ियों को रोका जाता है तो उनके द्वारा सत्यापन किया जाएगा।

# 28.07 करोड़ की धोखाधड़ी में बैंक के दो कर्मी गिरफ्तार

## फर्जी खाते खोलकर दिल्ली-एनसीआर के लोगों से ठगी करते थे, मोबाइल से निकाली जा रही डिटेल

नोएडा। सेक्टर-22 स्थित साउथ इंडियन बैंक के सहायक प्रबंधक द्वारा 28.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच और सेक्टर-24 पुलिस की टीम ने दो बैंक कर्मचारियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि सहायक प्रबंधक द्वारा की गई धोखाधड़ी की दोनों को जानकारी थी और जांच के दौरान इसमें इनकी लिप्तता भी मिली। दोनों के पास से बरामद दो मोबाइल को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

मुख्य आरोपी बैंक का सहायक प्रबंधक राहुल शर्मा अभी भी फरार है। उसके विदेश में होने की आशंका जाहिर की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने कुछ दिन पहले ही ठगी की चार करोड़ की रकम फ्रीज करा दी थी। ठगी की शेष रकम को भी फ्रीज कराने का प्रयास किया जा रहा है। एडिशनल डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने



बताया कि गिरफ्त में आए कर्मचारियों की पहचान सेक्टर-34 स्थित अरावली अपार्टमैंट निवासी 23 वर्षीय जैरी जैशन और दिल्ली के दिलशाद गॉर्डन निवासी बिबिन सैव्सटैन के रूप में हुई है। दोनों की गिरफ्तारी सूरज पुर के पास से हुई है।

आरोपियों द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी बैंक खाते खोलकर दिल्ली-एनसीआर के लोगों के साथ ठगी की जाती थी। करोड़ों की धोखाधड़ी और गबन के मामले में साउथ इंडियन बैंक के डीजीएम रिजनल ने आरोपी सहायक प्रबंधक,उसकी मां और पत्नी समेत अज्ञात के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में दो माह पहले केस दर्ज कराया था। शिकायत में रैन जीत आर नायक ने बताया था कि उन्हें पिछले कुछ दिनों से सेक्टर-22 स्थित शाखा से गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी। जिस पर विभाग ने अपनी विजिलेंस टीम से यहां की जांच कराई।

जांच में पता चला कि सेक्टर-48 स्थित एसोशिएट इलेक्ट्रॉनिक्स रिसर्च फाउंडेशन नामक कंपनी के खाते से सहायक बैंक प्रबंधक राहुल शर्मा ने 28.07 करोड़ रुपए पत्नी भूमिका शर्मा और मां सीमा समेत अन्य के खातों में ट्रांसफर कर कंपनी व बैंक के साथ धोखाधड़ी की है।

इस मामले में एसोशिएट इलेक्ट्रॉनिक्स रिसर्च फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने तीन, चार और छह दिसंबर को ईमेल से शिकायत दर्ज कराते हुए खाते से रुपए बिना अनुमति व जानकारी के ट्रांसफर करने के आरोप लगाए थे।

मूल रूप से हरियाणा के रोहतक में रहने वाला राहुल शर्मा वर्तमान में सेक्टर-27 में परिवार के साथ रहता है। केस दर्ज होने के बाद से वह परिवार समेत फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

केस दर्ज होने के बाद पुलिस उन खातों की जांच कर रही है, जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है। योजना के तहत धोखाधड़ी के लिए सहायक प्रबंधक ने अपनी मां और पत्नी समेत अन्य लोगों का संबंधित बैंक में खाता खुलवाया था। खाते को सत्यापित करने के बाद आरोपी ने इन्हीं खातों में निजी कंपनी के करोड़ों रुपये ट्रांसफर कर लिए थे।

# एमबीबीएस में दाखिले की आड़ में जालसाजी करने वाला अरेस्ट

## 20 हजार का इनामी था, बरेली में चला रहा था कोल्ड ड्रिंक की दुकान

**नोएडा।** सेक्टर 62 में दफ्तर खोल कर छात्रों को एमबीबीएस में दाखिला दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले एक शातिर जालसाज़ को सेक्टर 58 थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें पिछले दो साल से लगी हुई थी। ठगी के पैसों से बरेली में कोल ड्रिंक की दुकान खोलकर चला रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि एमबीबीएस में दाखिला दिलाने का झांसा देकर छात्रों के साथ लाखों की ठगी करने वाले एक ईनामी जालसाज को पुलिस ने रविवार को एक सूचना पर सेक्टर 62 गोल चक्कर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान अंकित उर्फ गोरा



उर्फ भानू प्रताप सिंह गंगवार निवासी बरेली के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर 2021 में सेक्टर 62 में एक दफ्तर खोला था।

### नीट की परीक्षा में कम नंबर पाने वाले थे टारगेट

जहां पर आरोपी नीट परीक्षा में कम नंबर पाने वाले छात्रों की ऑनलाइन डिटेल लेकर संपर्क करता था। इस दौरान आरोपी छात्रों से लाखों रुपए लेकर छात्रों को कॉलेजों में स्टॉफ कोटे के तहत आने वाली सीटें पर एमबीबीएस कोर्स में दाखिला दिलाने का झांसा देकर उनके साथ ठगी कर रहे थे। आरोपी के पास आने वालों छात्रों को रुपए लेने के बाद उनको फर्जी दस्तावेज थमा देते थे। जब छात्र दाखिला को लेकर संबंधित कॉलेज पहुंचते तो उनको ठगी की जानकारी होती।

### 10 छात्रों ने कराया था केस दर्ज

इसको लेकर दस के करीब छात्रों ने आरोपियों के खिलाफ सेक्टर 58 थाने में केस दर्ज कराया था। जिसके बाद से पुलिस की टीमें लगातार मामले की जांच करते हुए गिरोह में शामिल चार आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है।

वहीं आरोपी तभी से फरार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट लगाकर 20 हजार का इनाम घोषित किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी शहर से भागने के बाद बरेली में जाकर कोल्ड ड्रिंक की दुकान चलाने लगा था। पुलिस गिरोह में शामिल अन्य लोगों की दबिश में लगी हुई है।

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार

## खंगाला जा रहा आपराधिक रिकॉर्ड

नोएडा। थाना फेस-2 पुलिस रविवार देर रात भंगेल कट पर चैकिंग कर रही थी। इस बीच बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पास आने पर उसको रुकने का संकेत दिया। इस दौरान मोटर साइकिल सवार व्यक्ति पीछे मुड़कर नाले की तरफ भागने लगा।

भंगेल के पीछे नाले वाले रास्ते पर पुलिस द्वारा करीब 200 मीटर तक पीछा किया गया। अपने को घिरता देख उसने पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। बदमाश के पैर में गोली लगी। वो मोटर साइकिल से गिर गया। पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश की पहचान आदित्य खारी पुत्र बिजेंद्र खारी निवासी सलेमपुर, जिला सहारनपुर हुई। इसकी उम्र 24 साल है। इसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, 02 लूटे गये मोबाइल सैमसंग कंपनी को फोन, 01 तमंचा 315 बोर का बरामद किया गया।

एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि बदमाश शातिर किस्म का है। ये राह चलते लोगों को तमंचा दिखाकर उनसे लूटपाट की घटना करता था। इसका एक लंबा आपराधिक रिकार्ड है। अब तक छह मुकदमे सामने आए है।

# पुलिस और शातिर लुटेरे के बीच हुई मुठभेड़

## लूटेरा गोली लगने से हुआ घायल, डेढ़ दर्जन से ज़्यादा मुकदमे है दर्ज



गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना फेस 1 पुलिस और बाइक सवार लुटेरे के बीच में मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ के दौरान बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस व अन्य सामान बरामद किए है।

रविवार रात को थाना फेस-1 पुलिस सेक्टर 14ए फ्लाईओवर के नीचे दिल्ली से आने वाले रास्ते पर चौकिंग कर रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया, जिसे पुलिस द्वारा रूकने का इशारा किया। परंतु वह नहीं रूका तथा पुलिस को देखकर सेक्टर 14 ए के पीछे गंदे नाले की और भागने लगा।

पुलिस द्वारा पीछा करने पर वह भागते हुये मोटरसाइकिल सहित फिसल कर गिर गया। बदमाश द्वारा अपने आप को घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायर किया गया। पुलिस द्वारा भी जबाबी फायरिंग की गयी, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। बदमाश की पहचान दिल्ली निवासी नावेद के रूप में हुआ। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

नोएडा के एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि थाना फेस वन पुलिस की एक बड़े ही शातिर लुटेरे के साथ में मुठभेड़ हुई है ।पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश घायल हुआ है ,इस बदमाश पर चोरी और लूट के करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज है ।इसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है जो कि इसके द्वारा चोरी की गई थी।

### विश्व संवाद केंद्र का होली मिलन समारोह

गाजियाबाद। गाजियाबाद में विश्व संवाद केंद्र के बैनर तले वसुंधरा की ओलिव काउंटी सोसाइटी में पत्रकार होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इसमें जहां कवियों ने होली की रचनाओं से मंत्रमुग्ध किया, वहीं पत्रकारों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। सभी ने फूलों की होली खेली। ब्रज के रसिया, गीतों और मल्हारों पर होली का आनंद उठाया। समारोह की शुरुआत गाजियाबाद के विभाग प्रचार प्रमुख अखिलेश और वरिष्ठ पत्रकार बृजेश कुमार सिंह ने भारत माता व महर्षि नारद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की। कार्यक्रम में पत्रकार, लेखक, पत्रकारिता के प्राध्यापक, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आदि शामिल हुए।

# सेंट्रल-नोएडा में पुलिस और बाइक सवार बदमाश के बीच मुठभेड़ : बदमाश हुआ घायल

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की फेस 2 थाना पुलिस और एक बाइक सवार बदमाश के बीच में मुठभेड़ हो गई।

इस पुलिस मुठभेड़ में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल लूट के दो मोबाइल फोन और अवैध शस्त्र बरामद किए हैं।

दरअसल, रविवार रात्रि में थाना फेस-2 पुलिस द्वारा, भंगेल कट पर चैकिंग की जा रही थी, तभी बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया।

पास आने पर उसको रूकने का संकेत दिया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पीछे मुडकर नाले की तरफ भागने



लगा। भंगेल के पीछे नाले वाले रास्ते पर पुलिस द्वारा पीछा करने पर, अपने आपको घिरता देख उस व्यक्ति द्वारा पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस द्वारा भी जबाबी फायरिंग की गई ।इस फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने दौड कर पकड़ लिया। बदमाश की पहचान सहारनपुर निवासी आदित्य खारी के रूप में हुई । घायल बदमाश को परेशानी उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल तमंचा कारतूस आदि बरामद किए।

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हृदेश कुमार ने बताया कि एक बदमाश मुठभेड़ में घायल हुआ है ।यह बदमाश बड़े ही शातिर किस्म का लुटेरा है ,जो मोटरसाइकिल पर सवार होकर लूटपाट की वारदातों को अंजाम दिया करता था ।

इस पर आधा दर्जन से ज्यादा लूट और चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। इसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई रही है ।

# युवती की हत्या कर शव जंगल में फेंका, दुष्कर्म की आशंका

मोदीनगर। मोदीनगर के निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव शेरपुर के जंगल में एक युवती का शव मिला। युवती के शरीर पर चोट के निशान भी है। दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है। शव एक सप्ताह पुराना बताया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिया है। निवाड़ी पुलिस को सुबह सूचना मिली कि गांव शेरपुर के जंगल में शव पड़ा हुआ है।

सूचना मिलते ही निवाड़ी थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शव युवती का था और शरीर पर चोट के निशान है। आशंका जताई जा रही है कि हत्या कर शव को यहां पर फेंका गया है। रेप की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि मृतका की उम्र 25 साल के आसपास है। उन्होंने बताया कि शव एक सप्ताह पुराना लग रहा है और शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के साथ अन्य कारणों का पता चलेंगा।

# शार्ट न्यूज

## जाट समाज ने मनाया होली मिलन समारोह






गौतमबुद्धनगर। सेक्टर जीटा स्थित उत्सव ग्रैंड में जाट समाज ग्रेटर नोएडा द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया । समाज के अध्यक्ष श्री आर.बी. सिंह ने सभी आगंतुकों का हार्दिक अभिनंदन किया एवं बताया कि इस बार होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेली गई। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री बच्चू सिंह (ए.डी.एम ) एवं श्री अमित चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर द्वारा किया गया । समारोह में मुख्य आकर्षण रहे प्रसिद्ध लोक गायक नरदेव बेनीवाल ने होली के रसिया के माध्यम से समा बांधा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में समाज की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी7 कार्यक्रम के सफल आयोजन में एच.पी.एस परिहार, शेर सिंह अत्री, राजीव चौधरी, उदयवीर सिंह,जगदीश पाल सिंह,जुगेंद्र तालान, कैप्टन लोकेंद्र सिंह एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा7

## जेवर में तीन लोगों को तेज रफ्तार कार ने कुचला: एक की मौत दो की हालत गंभीर

जेवर। जेवर टोल के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार को खुर्जा अंडर पास पर खड़े तीन लोगों में नोएडा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको एक्सप्रेसवे की एम्बुलेंस ने कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। यमुना एक्सप्रेसवे के खुर्जा अंडरपास पर लोग नोएडा दिल्ली, आगरा आदि शहरों के आने जाने के लिये वाहनों का इंतजार करते है। सोमवार को भी यहां सुरेश (39) निवासी चक नगलिया जहांगीरपुर और राजकुमार (55) अपने पुत्र कुलदीप (19) निवासी मानागढ़ी नौझील मथुरा आगरा साइड पर अपने घरों को जाने के लिये बसों का इंतजार कर रहे है। तभी स्विफ्ट कार से आगरा की ओर जा रहे राजा कुमार निवासी न्यू दिल्ली ने खुर्जा अंडर पास पर खड़े तीनो व्यक्तियों में तेज रफ्तार कार से टक्कर मार दी। जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर एक्सप्रेस व की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और तीनो को जेवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान सुरेश की मौत हो गई। स्थानीय लोगों को कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों की वजह से पिछले कुछ महीनो में और भी कई भीषण हादसे हुए है। लेकिन उसके बावजूद भी उनकी तरफ स्थानीय पुलिस कोई ध्यान नहीं देती है। जिसके कारण बेख़ौफ होकर वाहन दौड़ाए जा रहे हैं।

## 200 किसानों-यात्रियों पर एफआईआर

गाजियाबाद। रामलीला मैदान दिल्ली जा रहे किसानों पर गाजियाबाद में रेलवे पुलिस बल ने एक एफआईआर दर्ज की है। ये एफआईआर रेल रोकने के आरोप में हुई, जिसमें किसान मुरादाबाद से दिल्ली जा रहे थे। आरपीएफ ने इस मामले में जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। जगह-जगह किसानों को हिरासत में लेने, नजरबंद करने और उन्हें रोकने पर संयुक्त किसान मोर्चा ने नाराजगी जताई है। 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान-मजदूर महापंचायत थी। इसमें देशभर के तमाम स्थानों से कई हजार किसान पहुंचे थे। मुरादाबाद से एक ट्रेन में बैठकर सैकड़ों किसान दिल्ली जा रहे थे। 13 मार्च की रात करीब एक बजे पायलट ने ये ट्रेन गाजियाबाद में मसूरी स्टेशन पर रोक दी। किसानों को बताया गया कि ऊपर से ऑर्डर आए हैं कि ट्रेन इससे आगे नहीं जाएगी। इस पर किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया और वहीं ट्रैक पर बैठ गए। इसके चलते करीब दो-तीन घंटे तक रेलवे आवागमन प्रभावित रहा। बाद में रेलवे बोर्ड में बातचीत हुई। तब जाकर इस ट्रेन को दिल्ली के लिए बढ़ाया गया। रेलवे पुलिस बल के मसूरी चौकी प्रभारी कुलदीप बालियान ने बताया,इस मामले में 200 किसानों और यात्रियों पर रेलवे एक्ट 153 रेलवे एक्ट की धारा-174सी में एक मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पिता-पुत्री पर दंबगों ने किया जानलेवा हमला

मोदीनगर। मोदीनगर की नबाव विहार कॉलोनी में पुरानी रंजिश के चलते साईकिल सवार पिता व उनकी पुत्री पर दंबगों ने रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। पिता पुत्री को गंभीर हालात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। नगर की नबाव विहार कॉलोनी निवासी जय सिंह परिवार सहित रहते हैं। पड़ोस में रहने वाले अरुण सिंह ने उनका काफी समय से सड़क पर पशु बांधने को लेकर विवाद चल रहा है। इस बात को लेकर आए दिन मारपीट व झगड़ा होता रहता है। जय सिंह अपनी दस साल की पुत्री कक्षा पांच की छात्रा मेघा के साथ साईकिल पर आ रहे थे। इसी बीच अरुण कुमार ने उन्हें अपने साथियों के साथ रोक लिया। इसके बाद लोहे की रॉड व धारदार हथियार से जय सिंह व उनकी पुत्री पर हमला बोल दिया। हमले में जय सिंह व उनकदी पुत्री मेघा गंभीर रुप से घायल हो गई। दोनों को गंभीर हालात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अरुण कुमार ,अर्जुन व गोविन्द निवासी नबाव विहार कॉलोनी के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## एसिड अटैक की घटना झूठी निकली

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में महिला पर एसिड अटैक का मामला झूठा निकला। महिला ने अपने ऊपर टॉयलेट क्लीनर डालकर तीन युवकों पर एसिड अटैक का मुकदमा दर्ज करा दिया। सीसीटीवी फुटेज की छानबीन में सच्चाई सामने आ गई। दरअसल, ये महिला अपने पति की मृत्यु के आरोपियों से आर्थिक लाभ लेना चाहती थी। आर्थिक लाभ नहीं मिलने पर इसने एसिड अटैक की कहानी रची। फिलहाल महिला का इलाज दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में चल रहा है। डीसीपी ज्ञानान्जय सिंह ने बताया, नंदग्राम क्षेत्र की रहने वाली महिला ने 16 मार्च को आरोप लगाया कि उसके ऊपर कुछ युवकों ने तेजाब फेंका है। थाना सिहानी गेट पुलिस ने इस मामले में गौरव, विजय और सुधीर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। महिला ने बताया कि वो ईरिक्शे में बैठकर नए बस अड्डे से नंदग्राम कट तक गई। पुलिस ने जब इस पूरे रास्ते की सीसीटीवी फुटेज निकाली तो ये महिला पैदल ही जाती दिखाई दी। इसके बाद पुलिस को पूरा मामला संदिग्ध लगने लगा। जिस पर पुलिस ने पूरे केस की गहनता से जांच-पड़ताल की।

## गाजियाबाद के युवक से ठगे 21हजार

मोदीनगर। लघु उद्योग लगाने के नाम पर गाजियाबाद निवासी एक युवक से पांच लाख रुपए का लोन दिलाने के नाम पर 21 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गाजियाबाद के लाल कुंआ स्थित पंचकुला कॉलोनी निवासी प्रीतम सिंह परिवार सहित रहते है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से मेरी मुलाकात एक युवक से हुई। युवक ने अपना नाम ईशान जैन बताया कि वह लघु उद्योग विभाग से रोजगार शुरू करने के लिए लोन दिला देगा। इसके बाद प्रीतम सिंह से उक्त युवक ने 21 हजार रुपए ले लिया। काफी समय बीत जाने के बाद जब लोन नहीं हुआ तो प्रीतम सिंह उक्त व्यक्ति के घर पहुंचे। वहां पर युवक के पिता मिले और उन्होने बताया कि युवक का नाम ईशान जैन नहीं ,बल्कि सादिक सैफी है। इसके बाद अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। आरोपी ने अपनी ही कॉलोनी की एक दर्जन से अधिक महिलाओं से लोन दिलाने क नाम पर ठगी कर रखी है। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है।

# यूपी के पूर्व मंत्री आजम खान को 7 साल कैद

## कोर्ट ने 5 लाख का जुर्माना भी लगाया; डूंगरपुर में सरकारी घरों को तोड़ा था

**रामपुर।** यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को एमपी/एमएलए कोर्ट ने सोमवार को रामपुर के चर्चित डूंगरपुर मामले में 7 साल जेल की सजा सुनाई। 3 अन्य दोषियों को भी 7 साल की सजा सुनाई गई। सभी पर 5 लाख रुपए जुर्माना भी लगाया है।

16 मार्च को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। आजम खान कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंस से पेश हुए।

कोर्ट ने पूर्व सीओ सिटी आले हसन खान, पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान और ठेकेदार बरकत अली को भी दोषी माना है। इनके अलावा, जिबरान खान, फरमान खान और ओमेंद्र चौहान को बरी कर दिया। डूंगरपुर केस के एक मामले में 31 जनवरी, 2024 को कोर्ट ने आजम



खान को बरी कर दिया था। यह मामला रूबी पत्नी करामत अली की तरफ से दर्ज कराया था।

आजम खान के खिलाफ 2019 में ताबड़तोड़ 84 मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें ज्यादातर कोर्ट में विचाराधीन हैं। अब तक कुल 5 मामलों में फैसला आ चुका है। इनमें तीन मामलों में उन्हें सजा हुई, जबकि दो मामलों में बरी हो गए।

आजम खान 22 अक्टूबर, 2023 से सीतापुर की जेल में बंद हैं। आजम खान, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में 7-7 साल की सजा सुनाई थी। सुरक्षा कारणों के चलते आजम खान को 22 अक्टूबर, 2023 की सुबह रामपुर जिला कारागार से सीतापुर जिला कारागार शिफ्ट किया गया था।

### अब समझिए क्या है 2016 का डूंगरपुर मामला

डूंगरपुर मामला तत्कालीन सपा सरकार का है। रामपुर में पुलिस लाइन के पास डूंगरपुर में आसरा कॉलोनी बनाई गई थी। कॉलोनी बनने से पहले कुछ लोगों के यहां घर बने हुए थे। जिन्हें अवैध करार देकर 2016 में बुलडोजर से गिरा दिया गया था। सरकार बदलने पर तोड़े गए घरों के पीड़ित मालिकों ने भाजपा की सरकार आने पर साल 2019 में थाना गंज में मुकदमे दर्ज कराए। पीड़ितों की तरफ से 12 मुकदमे दर्ज कराए गए थे।

अलग-अलग मुकदमों में इल्जाम था कि तत्कालीन सपा सरकार में आजम खान के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने डूंगरपुर में सरकारी आवास बनाने के लिए उनके घरों को जबरन गिराया। उनका सामान लूट लिया।

घरों पर बुलडोजर चलाया गया। पुलिस ने जांच के दौरान इन मुकदमों में आजम को भी आरोपी बनाया। बाद में आजम खान के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल की गई थी।

# अयोध्या पुलिस ने दो शातिर चोर को किया गिरफ्तार



अयोध्या। अयोध्या पुलिस ने धोखे से एटीएम बदलकर उनके खाते से पैसे निकालने गिरोह का पर्दाफाश किया है। कोतवाली नगर पुलिस आरोपी के कब्जे से 72 एटीएम कार्ड, 30 हजार रुपए 2 स्क्रीन टच मोबाइल, 1 कार बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो संदिग्ध व्यक्ति एटीएम मशीन के पास लोगों की मदद के बहाने उनके कार्ड बदल देते हैं। दूसरे एटीएम मशीन पर जाकर पैसे निकाल लेते हैं, जो इस समय अयोध्या रायबरेली हाईवे की रेलवे ब्रिज के सर्विस लेन नहर के पास से गिरफ्तार किया है।

पुलिस को शिखर मिश्रा के पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक मोबाइल फोन, 32 एटीएम कार्ड, 11700 नगद व आरोपी रोहित पांडेय के कब्जे से एक मोबाइल फोन, 18300 नगद तथा 40 एटीएम कार्ड बरामद पुलिस टीम ने किया।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने दो वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

ललितपुर । गिरार,पुलिस ने एक शातिर वांछित वारंटी को गिरफ्तार करने में उस समय सफलता हासिल की, जब सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चेकिंग और गश्त अभियान पर मौजूद थी। पुलिस ने एक वारंट को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत वाँछित/वारण्टी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गिरार पुलिस द्वारा सम्बन्धित NBW मु0नं0 202/09 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम रामस्वरुप पुत्र गोरेलाल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम कुर्रट थाना गिरार जनपद ललितपुर 2. NBW ST NO- 587/23 धारा 323/34/504 आईपीसी बनाम बुद्दा पुत्र कन्छेदी उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम कारीटोरन थाना गिरार को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार करने वाली टीम महेन्द्र कुमार थानाध्यक्ष उ0नि0 अर्जुन सिंह उ0नि0 राजबहादुर हे0का0 सरद कुमार का0 राममिलन आदि शामिल रहे।

## हिस्ट्रीशीटर तंमचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

ललितपुर । बानपुर पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को मय तंमचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण मे थाना बानपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त मुलायम सिह पुत्र काशीराम यादव निवासी कस्बा व थाना बानपुर को मय एक अवैध तमंचा देशी 315 वोर व दो कारतूस जिन्दा के साथ गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना बानपुर में मु0अ0सं0 57/2024 अन्तर्गत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम विनोद कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक उ0नि0 निखिल मलिक उ0नि0 भूपेन्द्र कुमार उ0नि0 अनुज कुमार हे0का0 धर्मेन्द्र सिंह हे0का0 राघवेन्द्र सिंह का0 रविन्द्र कुमार का0 प्रशान्त कुमार आदि शामिल रहे।

## निष्पक्ष चुनाव के लिए डीएम-एसपी ने मुहम्मदाबाद बहादुरगंज में रुट मार्च कर किया जनसंवाद

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**



गाजीपुर। लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, हिंसारहित, प्रलोभनमुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा आगामी होली व रमज़ान के त्योहार के दृष्टिगत आज सोमवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक गाज़ीपुर द्वारा कस्बा युसुफपुर, थाना मुहम्मदाबाद और कस्बा बहादुरगंज, थाना कासिमाबाद में पैदल गस्त/रूट मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया। गस्त के दौरान महोदय द्वारा शहर के आम जनमानस से संवाद किया गया जिसमे सभी को आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया तथा लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी होली व रमज़ान का त्योहार मनाने के लिए प्रेरित करते हुए किसी भी तरह के अफवाहों का प्रचार प्रसार न करने व सामाजिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी।

## लोकसभा निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी ने जारी किया कार्यक्रम

**विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 की प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 16 मार्च 2024 के अनुसार जनपद सीतापुर के अन्तर्गत पड़ने वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में क्रमशः चतुर्थ चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 29-धौरहरा आंशिक के अन्तर्गत पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्र 145-महोली एवं 147-हरगांव (अ0जा0) तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 30-सीतापुर के अन्तर्गत पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्र 146-सीतापुर, 148-लहरपुर, 149-बिसवां, 150-सेवता, आंशिक के अन्तर्गत पड़ने वाले विधान सभा क्षेत्र 152-सिधौली (अ0जा0) हेतु कार्यक्रम निर्धारित किये गये हैं, जिनमें 29-धौरहरा, 30-सीतापुर, 32-मिश्रिख (अ0जा0) आंशिक में चतुर्थ चरण में मतदान होगा, जिसमें निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक 18अप्रैल 2024, नाम निर्देशन हेतु अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024,नाम निर्देशन की संवीक्षा दिनांक 26 अप्रैल 2024, नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक 29अप्रैल 2024, मतदान का दिनांक 13मई2024, मतगणना दिनांक 04जून2024 एवं दिनांक 06 जून 2024 जिसके पूर्व निर्वाचन पूरा करा लिया जाएगा।

## बड़ी धूमधाम से विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**



सीतापुर। जिले के सिधौली क्षेत्र में मनीपुर स्थित राम गोपाल जूनियर हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। बताते चलें कि विद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत मौजूद रहे। विधायक सहित विद्यालय के प्रबंधक मधुराम पाल धनगर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व शेरनी का दूध एक जैसा है, जो पियेगा वही दहाड़ेगा। आजकल प्रत्येक बच्चे का शिक्षित होना बहुत आवश्यक है। सबको शिक्षित करने के उद्देश्य से सब पढ़े सब बढ़े जैसी मनमोहन योजनाएं संचालित कर सरकार शिक्षा पर बहुत ध्यान दे रही है। क्षेत्रीय विधायक ने कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों से अपील की, कि एक रोटी भले ही कम खाएं लेकिन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा अवश्य दिलाएं ताकि आपके बच्चे शिक्षित होकर सभ्य समाज के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हुए देश को प्रगति की ओर ले जा सकें।

## पत्नी की हत्या के बाद पति का सुसाइड

**सीतापुर।** सीतापुर में आपसी विवाद के बाद एक पति ने अपने ही परिवार की खुशियों को खत्म कर सुसाइड कर लिया। आग बबूला पति ने धारदार हथियार से प्रहार कर पहले पत्नी को मौत के घाट उतार दिया और फिर जेल जाने के डर से घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन में जुट गई है। ये घटना थानगांव थाना इलाके की है। यहां एक पति-पत्नी की मौत से कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार कोतवाल पुरवा मजरा बरा निवासी परसराम पुत्र मिनतीलाल खेतों में काम करके सोमवार दोपहर घर वापस पहुंचा था। बताया जाता है कि खेतों से वापस घर पहुंचने पर पति परसराम ने पत्नी से खाना मांगा। पत्नी प्रेमा देवी इस दौरान खाना बना रही थी और खाने में देरी होने के चलते दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। विवाद को बढ़ता देखकर पति ने धारदार हथियार से लगातार वार करके पत्नी को मौत की नींद सुला दिया। वारदात के बाद आरोपी पति ने पुलिस के डर से स्वयं को भी कमरे में बंद करके फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पाकर स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

# आगरा में आठवीं की छात्रा से गैंगरेप

आगरा । आगरा में आठवीं की छात्रा को बंधक बनाकर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। वारदात थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के एक होटल में अंजाम दी गई है। बताया जा रहा है कि चार से पांच युवकों ने मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। किसी तरह छात्रा चंगुल से निकलकर अपने घर पहुंची। मां को पूरी बात बताई। उसके बाद घरवालों को इसकी जानकारी हुई। जिसके बाद मां बेटी को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने शिकायत सुनने के बाद पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा है।

### स्टाल लगाने वाले युवक पर साजिश का आरोप

खंदौली निवासी पीड़िता के पिता ने बताया कि बेटी कक्षा 8 की छात्रा है। एक महीने पहले बेटी हाथरस रोड पर सहेलियों के साथ ब्रदर पैलेस पर टिक्की खाने गई थी। यहां पर प्रकाश नगर थाना एत्माद्दौला निवासी टिंकू गुप्ता यहां पर डोसा व चाऊमीन बनाने का काम करता है। टिंकू ने उनकी बेटी को अपनी बातों में फंसा लिया। उससे बात करने लगा। एक दिन उसने बेटी को बहला फुसलाकर ब्रदर पैलेस होटल में बुलाया। यहां पर उसके साथ रेप किया। बेटी ने डर के चलते किसी को ये बात नहीं बताई। 15 मार्च को बेटी पेपर देकर वापस आ रही थी। रास्ते में वो चाऊमीन खाने के लिए रुक गई। यहां पर टिंकू गुप्ता उसे अपनी बातों में फंसाकर होटल के कमरे में ले गया।

# आंदोलनकारी महिला से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को उम्रकैद

## मुजफ्फरनगर कोर्ट ने सुनाया फैसला, 30 साल पहले पीएसी के दो सिपाहियों ने किया था रेप

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में आंदोलनकारी महिला से सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना के 30 साल बाद पीड़िता को इंसाफ मिला है। चार दिन पहले अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह ने सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी पीएसी के सेवानिवृत्त दो सिपाहियों को मामले में दोषी ठहराया था।

सोमवार को कोर्ट में मामले को लेकर बहस हुई। दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने दुष्कर्मियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### 30 साल बाद महिला को मिला इंसाफ

बता दें, 30 साल पहले उत्तराखंड राज्य की मांग को लेकर आंदोलन करने वाली एक महिला के साथ पीएसी के दो सिपाहियों ने दुष्कर्म किया था। लंबे



इंतजार के बाद मुजफ्फरनगर के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो आरोपितों को दोषी करार दिया है। दोनों पीएसी में सिपाही पद से सेवानिवृत्त हैं। 18 मार्च को दोनों को सजा सुनाई गई है। महिला पृथक उत्तराखंड राज्य के गठन की मांग को लेकर होने वाले आंदोलन का हिस्सा थी। उत्तराखंड राज्य के गठन की मांग को लेकर एक अक्टूबर, 1994 को बड़ी संख्या में आंदोलनकारी बसों में सवार होकर उत्तराखंड से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। तभी रामपुर तिराहा पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर आंदोलनकारियों की गाड़ियों को रोक लिया था।

जिसके बाद पुलिस और आंदोलनकारियों में टकराव हो गया। पुलिस की फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी। जबकि कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म के आरोप लगे थे।

### 1 साल बाद दर्ज हुआ था केस

जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव शर्मा और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता परविंदर सिंह ने बताया कि इस मामले को लेकर उत्तराखंड संघर्ष समिति ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में मिसलेनियस रिट पिटीशन फाइल की थी। इसके बाद लखनऊ सीबीआई, एसआईटी के एसपी एसआर अग्रवाल ने 25 जनवरी 1995 में एफआईआर कराई थी।

### रात को 1 बजे रोकी थी बस

इस घटना में एक मामले की विवेचना सीबीआई देहरादून ने की थी। जिसमें सामने आया था कि उत्तराखंड संघर्ष समिति के आह्वान पर रैली में भाग लेने के लिए एक महिला उत्तराखंड के श्रीनगर से दिल्ली के लिए बस संख्या यूपी-411 में सवार हुई थी। यूपी के रामपुर में एक चौराहे पर उसी बस को दो अक्टूबर, 1994 की रात को एक बजे रोक लिया गया था।

### महिला का आरोप, उसके साथ लूट भी हुई

पीड़ित महिला का आरोप था कि कुछ पुलिसकर्मियों ने उसकी बस की हेडलाइट व शीशे तोड़ दिए थे। इसके बाद दो सिपाहियों ने बस में चढ़कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। उसके एक हजार रुपए भी लूट लिए थे।

# आबकारी, पुलिस ने की कार्रवाई, पांच भट्टियां और 18000 हजार लीटर लहन किया नष्ट

## लोकसभा चुनाव को देखते हुए विभाग सख्त

**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस व आबकारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 1060 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी तथा 18000 लीटर लहन मौके पर किया गया नष्ट अवैध शराब के विरुद्ध चलाये गये अभियान में 05 भट्टी मौके पर बरामद कर कुल 05 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार । अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, कलानिधि नैथानी परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद




में अवैध शराब व मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस व आबकारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 1060 लीटर अवैध शराब बरामद कर 18000 लीटर लहन मौके पर नष्ट किया गया तथा मौके पर 05 भट्टियो को बरामद कर कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगणो के विरुद्ध थाना तालबेहट में क्रमशः मु0अ0सं0 100/24, मु0अ0सं0 101/24, मु0अ0सं0 102/24 , मु0अ0सं0 102/24, मु0अ0सं0 103/24, मु0अ0सं0 104/24 धारा 60(2) Ex. Act के अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी ।

## अयोध्या में बहुमंजिली इमारत से गिर कर सिपाही की मृत्यु

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में सोमवार को पुलिस लाइन की बहुमंजिला इमारत से गिरने से एक ट्रैफिक सिपाही की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ट्रैफिक सिपाही देवेन्द्र पाल सिंह पिछली फरवरी में अयोध्या में विशेष ड्यूटी पर आया था और पुलिस लाइन में बने भवन की आठवीं मंजिल पर रहता था। आज अचानक आठवीं मंजिल पर फिसल जाने से वह नीचे गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गया और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतक सिपाही अलीगढ़ का निवासी थे और फिरोजाबाद में तैनाती थी। श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे मंदिर पर विराजमान रामलला के 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद फरवरी माह में फिरोजाबाद से अयोध्या में ड्यूटी करने के लिये भेजे गये थे। घटना की सूचना उनके परिवारजनों को दे दी गयी है।

# अधिकारियों ने की छापेमारी, एसएस अस्पताल सील

**महिला के बच्चेदानी का किया गया था ऑपरेशन, अस्पताल में नहीं मिला कोई डॉक्टर**

प्रयागराज। प्रयागराज के जसरा में संचालित हो रहे एसएस अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग ने आज सोमवार को सील कर दिया गया है। अस्पताल का पंजीकरण भी निलंबित कर दिया गया है। दरअसल, CMO डॉ. आशु पांडेय के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की एक टीम आज जसरा के एसएस अस्पताल में छापेमारी करने पहुंची थी। यहां गीता देवी पत्नी घनश्याम के बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था। महिला तो अस्पताल में भर्ती थी लेकिन उसके इलाज के लिए कोई आक्समिक डॉक्टर वहां मौजूद नहीं था। हास्पिटल के पंजीकरण प्रपत्र में जिन डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टॉफ का उल्लेख था वह



वहां पर नहीं थे। छापेमारी करने पहुंची टीम ने अस्पताल का पंजीकरण निलंबित कर दिया और अस्पताल को सील कर दिया।

अस्पताल के संचालक संजय सिंह पटेल को निर्देशित किया गया कि अस्पताल में जो महिला भर्ती थी उसे दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कर समुचित इलाज कराया जाए। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अस्पताल के पंजीकरण के निलंबन तक यदि अस्पताल खोला गया तो विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## सही सलामत इंटरलॉकिंग व नाली का पुनः टेंडर होने से नगर पंचायत की कार्यशैली पर उठने लगे सवाल

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**



सीतापुर। जिले की नगर पंचायत हरगांव की कुशल कार्य शैली पर सही सलामत इंटरलॉकिंग व नाली का दोबारा टेंडर करने को लेकर सवाल उठने लगे हैं। चर्चा है कि अच्छी खासी इंटरलॉकिंग व नाली को आनन फानन में मस्तान ट्रेडर्स प्रोपराइटर मेहर जहां नाम ठेका देकर ठेकेदार ने अच्छी खासी इंटर लॉकिंग व नाली को तोड नई इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण करने में मशगूल हो गए हैं ।दिलचस्प बात यह भी है की सोलह लाख साठ हजार रुपए का टेंडर निकाल कर फ़ौरन वर्क आर्डर जारी कर दिया गया। लोगों के बताने के अनुसार जिस नाली व इंटर लॉकिंग का काम किया जा रहा है। वह नाली नब्बे प्रतिशत व इंटरलॉकिंग पन्चानबे प्रतिशत तक बिलकुल अच्छी हालत में है। इस इंटरलॉकिंग का बनाया वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी के साथ वायरल होते हुए चिल्ला चिल्ला कर कह रहा है कि अभी हम कहीं से भी खराब नहीं थे। फिर क्यों नगर पंचायत के जिम्मेदारों के द्वारा सरकारी पैसों का दुरुपयोग करने की नाकाम कोशिश की जा रही है। आपको बताते चलें कि नगर पंचायत हरगांव के मोहल्ला सरायंपित्थू में शिव मोहन के मकान से चेला के मकान होते हुए रौनक अली के मकान तक आरसीसी नाली व इंटरलाकिंग का उक्त फर्म को सोलह लाख साठ हजार का टेंडर जारी किया गया टेंडर जारी हो जाने के बाद आनन फानन में सही सलामत नाली व इंटर लॉकिंग को ध्वस्त कर अपनी जेब वजन करने के उद्देश्य से ठेकेदार इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण में व्यस्त हो गए हैं। नगर में इस बात को लेकर चर्चा शुरू हो गई है जहां नाली व इंटरलॉकिंग खराब है। वहां की इंटरलॉकिंग व नाली को क्यों नहीं दुरुस्त कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी बताया श्रीष मिश्र ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है इस सम्बन्ध में अवर अभियंता को नोटिस जारी कर आख्या मांगी गई है। वही अवर अभियंता ने बताया कि खराब नाली व इंटरलॉकिंग को दुरुस्त कराया जाएगा जहां-जहां इंटर लॉकिंग खराब है वही उखाड़ कर दुबारा लगवाई जायेगी।

# नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सभासदों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर। जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगाँव में बड़े पैमाने पर भृष्टाचार व घालमेल का आरोप लगाते हुए सभासदों ने सोमवार को जिलाधिकारी को दो शिकायती पत्र दिए हैं तथा प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग को भी डाक द्वारा प्रेषित किए हैं।

शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने संबंधित अधिकारी को जाँच करने के निर्देश दिए हैं।

आदर्श नगर पंचायत हरगाँव के भारतीय जनता पार्टी के सभासद प्रताप जोशी,अशोक कुमार मिश्र, बिन्देश्वरी,गुड्डी देवी,उमा सिंह,उमेश तथा निर्दलीय सभासद सुएब खाँ, मलका गौसिया तथा ऋषभ गुप्ता ने जिलाधिकारी को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि कुछ मोहल्लों में नगर पंचायत की अवर अभियंता समरा सईद द्वारा अच्छी सड़क व नाली को खराब दिखाकर मरम्मत के नाम लाखों रुपयों के सरकारी धन का अपव्यय किया जा रहा है।

ऐसा ही मामला मोहल्ला सरायंपित्थू का है यहाँ पर पहले से बनी हुई नाली पर पुनः आर सी सी नाली निर्माण व इण्टरलाकिंग की मरम्मत के लिए सोलह लाख साठ हजार का टेण्डर निकाल कर वर्क आर्डर जारी कर दिया गया जिस नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है वह नाली नब्बे प्रतिशत व इण्टरलाक पंचानबे प्रतिशत तक बिल्कुल अच्छी हालत में है सभासदों के संज्ञान में आते और विरोध करते ही काम और तेजी से शुरू कर आनन फानन ठीक ठाक नाली को उखाड़ दिया गया।यहां पूरी तरह सरकारी धन का दुरुपयोग लगातार किया जा रहा है।

नगर के कई मोहल्लों में नाले,नालियाँ एवं इण्टरलाक की हालत बदतर है जिसका कोई पुरुसाहाल नहीं है। दूसरे शिकायती पत्र में आरोप है कि नगर पंचायत कार्यालय में तैनात लिपिक रवि गुप्ता द्वारा माह जून में बोर्ड की हुई प्रथम बैठक के हुए प्रस्तावों में बाद में कूटरचित तरीके से दो प्रस्ताव और जोड़ लिए।

बैठक के प्रस्ताव रजिस्टर में दो वार्डों में पीपीई माडल दुकानों के निर्माण के दो प्रस्ताव अपने आप बढ़ा लिए गए।

ज्ञात हो मुरादनगर के सभासद सुएब खां तथा गंज वार्ड के सभासद अशोक कुमार मिश्र हैं इन्हीं वार्डों में पीपीई माडल से दुकानों का निर्माण होना है इन दोनों सभासदों का कहना है उन्होंने ऐसा कोई प्रस्ताव ही नहीं दिया था।

भारतीय जनता पार्टी की सभासद बिन्देश्वरी का आरोप है कि तेरह मार्च को पीपीई माडल आधारित दुकानों का जब भूमि पूजन हुआ तब उनको आशंका हुई कि बगैर प्रस्ताव के करोड़ों की लागत से बनने वाली दुकानों का निर्माण कैसे हो रहा है, जिसके बाद उन्होंने बोर्ड बैठक रजिस्टर का अवलोकन किया तब लिपिक द्वारा खेला गया खेल समझ में आया,उन्होंने कहा मुरादनगर वार्ड में नगर पंचायत की एक भूमि का अधिग्रहण माह अगस्त में किया गया था और उस पर बनने वाली दुकान का प्रस्ताव जून में ही दिखा दिया गया।

## एक करोड़ रूपये का अफीम बरामद, दो गिरफ्तार

बस्ती । उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में सुरक्षा बलों ने दो मादक तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ किलो 290 ग्राम अफीम बरामद की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद नशीले पदार्थ की कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गयी है। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चैधरी ने सोमवार को बताया कि कोतवाली पुलिस , एसोजी तथा आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की संयुक्त टीम ने रविवार देर शाम बड़ेबन सर्विस मोड़ के निकट घेराबन्दी कर मुकेश कुमार कुशवाहा और दीपेन्द्र प्रसाद को धर दबोचा। तस्करों के पास से आठ किलो 290 ग्राम अफीम के अलावा 18 हजार रूपया नगद तथा एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है। अंतराष्ट्रीय बाजार में अफीम की कीमत लगभग एक करोड़ रूपये आकी जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि मादक पदार्थो को नेपाल के भिश्रा बाजार से लाते है तथा इसको लखनऊ, बस्ती, बाराबंकी सहित अन्य जनपदों में बेचने का काम करते है।

## शिक्षक की हत्या के विरोध में संभल में प्रदर्शन

**संभल।** मुजफ्फरनगर में शिक्षक की हत्या के विरोध में संभल में शिक्षकों ने यूपी बोर्ड की कॉपी के मूल्यांकन बहिष्कार किया है। सरकार से आरोपी सिपाही को बर्खास्त करने और शिक्षक के परिवार को नौकरी के साथ एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही शिक्षकों ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। संभल के शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज सहित अन्य कॉपी जांच केंद्र पर शिक्षकों ने मुजफ्फरनगर में सिपाही के द्वारा शिक्षक साथी की हत्या किए जाने के विरोध में एक दिवसीय कॉपी मूल्यांकन करने का बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से इस घटना की निंदा की। मुजफ्फरनगर में धर्मेंद्र कुमार नाम के शिक्षक की सिपाही ने निर्मम हत्या की है। शिक्षकों ने प्रदर्शन करते हुए आरोपी सिपाही के विरुद्ध कार्रवाई करने और उसे बर्खास्त करने की उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की।

## आइसलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट



आइसलैंड । आइसलैंड के रेक्जेन्स में शनिवार देर रात ज्वालामुखी विस्फोट हुआ। पिछले 4 महीने में आइसलैंड पर होने वाला यह चौथा ज्वालामुखी विस्फोट है। विस्फोट के बाद ज्वालामुखी का लावा ग्रिंडाविक शहर के पास पहुंच गया। अधिकारियों ने पहले ही ग्रिंडाविक शहर को खाली करवा दिया था। एक्सपर्ट ने इस विस्फोट को अब तक का सबसे खतरनाक ज्वालामुखी विस्फोट बता रहे हैं। इस विस्फोट के बाद आइसलैंड में इमरजेंसी का ऐलान कर दिया गया है।

## भारतीय नौसेना ने बचाया हाइजैक जहाज

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने 3 महीने पहले अदन की खाड़ी में हाईजैक हुए जहाज एमवी रुएन को बचाने का ऑपरेशन पूरा कर लिया है। ऑपरेशन भारत के समुद्री तट से 2800 किलोमीटर दूर चलाया गया। नौसेना ने बताया कि उनकी कार्रवाई के बाद 35 समुद्री लुटेरों ने सरेंडर किया और 17 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाला गया। जहाज का क्रू 110 से ज्यादा दिनों से लुटेरों के कब्जे में था। रेस्क्यू ऑपरेशन 40 घंटे तक चला। इसे पूरा करने के लिए युद्धपोत आईएनएस सुभद्रा, ज्यादा ऊंचाई तक उडने वाले ड्रोन, पी8आई पैट्रोलिंग एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल हुआ। अब हाईजैक हुआ जहाज एमवी रुएन पूरी तरह भारतीय नौसेना के कब्जे में है। सेना ने इसकी तलाशी ली है।

## ट्रंप ने दी धमकी बोले–चुनाव नहीं जीता तो खून खराबा होगा



वॉशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुले मंच से धमकी दी है कि वे चुनाव हार गए तो देश में खुन खराबा होगा। ओहायो में एक जनसभा में ट्रंप ने कहा कि इस बार चुनाव की तारीख अमेरिका के इतिहास में सबसे अहम होने जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीनी चाहते हैं कि वे मैक्सिको में कार बनाएं और फिर अमेरिका में बेचें। अगर मैं राष्ट्रपति चुना जाता हूं तो ऐसा नहीं होने दूंगा। और अगर मैं नहीं जीतता हूं तो पूरे देश में खून–खराबा शुरू हो जाएगा। वह डायटन में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। बता दें कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप को प्रिजम्प्टिव नॉमिनी बनाया गया है। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की ऑटो इंडस्ट्री के बारे में बात कर रहे थे। इसी बीच उन्होंने खून खराबे वाला भी बयान दे डाला। उन्होंने कहा, आप 5 नवंबर की तारीख नोट कर लीजिए। यह बहुत ही अहम तारीख होने जा रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी इतिहास में अब तक के सबसे बुरे राष्ट्रपति जो बाइडेन हैं।

## नासा का देखा सपना पूरा कर पाएगा ड्रैगन?

बीजिंग। चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन में वैज्ञानिक ली शाओवेई के नेतृत्व वाली टीम ने एक पेपर लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोमैग्नेटिक लॉन्च टेक्नोलॉजी वर्तमान की चुनौतियों से निपटने में मदद देती है। इस थ्योरी की टेस्टिंग के लिए सीएएसआईसी ने शांक्सी प्रांत के दातोंग के इंडस्ट्रियल एरिया में 2 किमी कम–वैक्यूम ट्रैक हाई–स्पीड मैग्लेव टेस्ट फैसिलिटी का निर्माण किया है। यह फैसिलिटी किसी भारी वस्तु को ध्वनि की गति के करीब 1000 किमी प्रति घंटे तक ले जा सकती है। आने वाले वर्षों में टेस्ट लाइन की लंबाई 5000 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए बनाई जाएगी। चीन पहला देश नहीं है जिसने इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेस लॉन्च का प्रस्ताव दिया है। इस तरह के कॉन्सेप्ट शीत युद्ध के समय से ही हैं। 1990 के दशक में नासा ने इस विचार को कागज से वास्तविकता में लाने की कोशिश की, जिसमें पहला कदम एक 15 मीटर की मिनी टेस्ट लाइन का निर्माण था। हालांकि तब इस प्रोजेक्ट के लिए धन की कमी के कारण पूरे ट्रैक की लंबाई 10 मीटर से कम थी। बाद में इस परियोजना को रद्द कर दिया गया। अब चीन इसमें कामयाबी पाएगा या नहीं यह आने वाला वक्त बताएगा।

## पेंसिल्वेनिया में गोलीबारी, 3 की मौत

न्यू जर्सी। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया स्थित फिलाडेल्फिया के फॉल्स टाउनशिप में शनिवार को गोलीबारी में तीन लोगों की हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी न्यू जर्सी के ट्रेंटन भाग गया। वहां उसने एक घर में खुद को कैद कर लिया। पुलिस ने वहां आकर हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान 26 साल के आंद्रे गॉर्डन के रूप में हुई है। मृतकों में गॉर्डन की सौतेली मां, 13 साल की बहन और उसके दो बच्चों की मां थीं। पेंसिल्वेनिया की फॉल्स टाउनशिप पुलिस ने बताया कि युवक ने एआर–15 स्टाइल असॉल्ट राइफल से घटना को अंजाम दिया है।

## अमेरिकी स्पेस ट्रैवल कंपनी अंतरिक्ष में कराएगी डिनर

### –6 लोगों को पृथ्वी के वायुमंडल के ऊपर परोसा जाएगा खाना, 4.10 करोड़ का एक टिकट

फ्लोरिडा। अमेरिका की स्पेस ट्रैवल कंपनी स्पेस वीआईपी जल्द ही अंतरिक्ष में डिनर का अनुभव देने वाली है। कंपनी ने छह घंटे की हाई–टेक स्पेस बैलून यात्रा के लिए एक मिशेलिन स्टार रेस्तरां से नीदरलैंड के शेफ रसमस मंक को हायर किया है। इस यात्रा के लिए 6 लोगों का चुनाव होगा, जिन्हें पृथ्वी के वायुमंडल के 99 प्रतिशत ऊपर डिनर कराया जाएगा। इसके लिए एक टिकट की कीमत करीब 4.10 करोड़ होगी। 6 घंटे की यह यात्रा अगले साल शुरू होगी। इस यात्रा के लिए स्पेस वीआईपी कंपनी स्पेस पर्सपेक्टिव कंपनी के स्पेसशिप नेपच्यून का इस्तेमाल करेगी। यह फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से अपनी पहली उड़ान भरेगा। स्पेस वीआईपी अंतरिक्ष में भोजन का मौका देने वाली पहली कंपनी नहीं है। पिछले साल फ्रांस की कंपनी जेफाल्टो ने घोषणा की थी कि वो 2025 से लोगों को करीब 1.09 करोड़ रुपए में स्ट्रैटोसफेयर में एक बैलून में भोजन करने का मौका देंगे।

**यात्री स्पेस से दोस्तों–परिजनों से जुड़ सकेंगे–** स्पेस बैलून जैसे ही समुद्री स्तर से 1 लाख फीट ऊपर पहुंचेगा, स्पेस बैलून में मौजूद यात्रियों को वाईफाई की सुविधा मिलेगी। इसके जरिए वो अपनी यात्रा को सोशल मीडिया पर लाइवस्ट्रीम कर सकेंगे। इसके अलावा वो अपने दोस्तों और घरवालों से भी जुड़ सकेंगे। यात्रियों को पृथ्वी की कर्वेचर (वक्रता) पर सूर्योदय को भी देखने का मौका भी मिलेगा। इसके अलावा यात्रियों को स्पेस बैलून में खास डिनर परोसा जाएगा। इसके लिए शेफ रसमस मंक स्पेशल मेन्यू तैयार कर रहे हैं। यह अंतरिक्ष की थीम पर आधारित होगा। हालांकि, फिलहाल मेन्यू फाइनल नहीं किया गया है। शेफ रसमस कोपेनहेगन के रेस्तरां एल्केमिस्ट में काम करते हैं। इसे पिछले 4 साल के अंदर बेहतरीन खाने और सुविधा के लिए 2 बार मिशेलिन स्टार मिल चुका है।

**अगले महीने से शुरू होगी टेस्ट ड्राइव–** इसके अलावा यह रेस्चरां दुनिया के 50 सबसे अच्छे रेस्तरां की सूची में 5वें नंबर पर आता है। महंगी टिकट होने के बावजूद यात्रा की घोषणा होने के 24 घंटे के अंदर ही लोग इसके लिए रेजिस्टर कराने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।



केनबरा में आतिशबाजी के एक समारोह से आसमान जगमगा उठा।

## रुस में बंपर वोटिंग पुतिन के राहत या आफत...?




मॉस्को। रुस में राष्ट्रपति का चुनाव चल रहा है। यहां आज मतदान का अंतिम दिन है। वोटिंग बंपर हो रही है। ऐसे में सवाल उठने लगा कि यह बंपर वोटिंग राष्ट्रपति पुतिन के लिए राहत है या आफत? चुनाव आयोग के उपाध्यक्ष निकोले बुलाएव ने मीडिया को बताया कि देशभर में अब तक 51.77 फीसदी मतदान हो चुका है। इस बार मतदान 15 मार्च से 17 मार्च तक तीन दिनों तक चलेगा, उम्मीद की जा रही है कि मतदान के आकड़ों में और बढ़ोत्तरी हो सकती है। 2020 में रूसी सरकार द्वारा लाए गए संवैधानिक रिफोर्म को बाद ये पहला चुनाव है। रिफोर्म के बाद व्लादिमीर पुतिन का 2036 तक राष्ट्रपति बने रहने का रास्ता साफ हो गया था। इस चुनाव में चार उम्मीदवार पुतिन के सामने चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की, कम्युनिस्ट पार्टी के निकोले खारिटोनोव और न्यू पीपल पार्टी की ओर सेव्लादिस्लाव दावानकोव शामिल है। ओल्गा किरिलोवा के मुताबिक दौपहर 3 बजे तक मतदान प्रक्रिया प्रबावित होने की कोई खबर नहीं मिली है, पूरे देश में शांतिपूर्वक मतदान हो रहा है। उन्होंने ये भी बताया कि देश में 39 लाख से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। बता दें इस बार उन इलाकों में वोटिंग हो रही है जिन्हे रूस ने 2022 के बाद यूक्रेन से हासिल किया हैं, जिसकों लेकर यूक्रेन और पश्चिमी देश विरोध भी कर रहे हैं।

# बलूचिस्तान पर उठाई आवाज, अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मानवाधिकार उल्लंघन का संज्ञान लेने की अपील

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** बलोच यकजहती कमेटी प्रतिनिधि डॉ. महरंग बलोच ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूचिस्तान में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों का संज्ञान लेकर उसे खत्म करने की दिशा में हस्तक्षेप करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद् के 55वें सत्र के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूचिस्तान के लिए स्टैंड लेने की अपील की।

डॉ. महरंग बलूच ने एक्स पर साझा की गई पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि बलोच यकजहती कमेटी एक समूह है जो बलोच लोगों के अधिकारों की हिमायत करता है। यूएनएचआरसी में डॉ. महरंग ने सिलसिलेवार तरीके से बताया कि उनके पिता को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने गायब कर दिया और हिरासत में मार डाला। उनका छोटा भाई भी गायब कर दिया गया और महीनों तक यातनाएं झेलता रहा। हालांकि उन्होंने कहा कि वे अपने परिजनों के लिए नहीं बल्कि बलोच लोगों के प्रतिनिधि के रूप में उस व्यथा को रख रही हैं जिन्होंने लंबे समय तक अकल्पनीय पीड़ा सही है।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूचिस्तान में हस्तक्षेप का अनुरोध किया। डॉ. महरंग बलूच ने कहा कि बलूचिस्तान के लोगों के साथ अमानवीयता, रातोंरात गायब किए जाने, न्याय प्रणाली को दरकिनार कर हत्या, फर्जी मुठभेड़ जैसे मामले हो रहे हैं। उनका आरोप है कि सत्ता प्रतिष्ठान की तरफ से बलूचिस्तान में धीमी गति से नरसंहार चल रहा है जिससे उनका पूरे समुदाय खतरे में है। उनका कहना है कि बलोच लोगों ने दशकों से पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान के उनके इलाके में किए गए मानवाधिकार उल्लंघन का लगातार विरोध किया है। इसलिए अब संयुक्त राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी बलूचिस्तान के लिए स्टैंड लेना चाहिए। उल्लेखनीय है डॉ. महरंग बलोच बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों के खिलाफ लगातार आवाज उठाती रही हैं। 1993 में बलूच परिवार में जन्मी महरंग ने एमबीबीएस की पढ़ाई की है। उनके पिता का नाम अब्दुल गफ्फार था जो की एक मजदूर थे। फरवरी 2009 उनके पिता को अस्पताल जाते वक्त किडनैप कर लिया गया था। इसके करीब दो साल उनकी लाश मिली। जब उसका पोस्टमार्टम कराया गया तब पता चला कि उन पर काफी अत्याचार किया गया था, जिस वजह से उनकी मौत हुई। डॉ. महरंग के परिवार पर अत्याचारों का सिलसिला खत्म नहीं हुआ था। पिता की मौत के 8 साल बाद यानी 2017 में उनके भाई को भी अगवा कर लिया गया और करीब 3 महीने तक हिरासत में रखा। डॉ. महरंग ने छोटी उम्र से ही पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के खिलाफ आवाज उठाना शुरू कर दिया था। आगे चलकर वे बलूचिस्तान में विरोध का बड़ा चेहरा बन गईं।






# भारत से तनाव के बीच बोले राष्ट्रपति मुइज्जू बाहरी लोग न करें चिंता



**माले (एजेंसी)।** मालदीव से भारतीय सैनिकों का एक जत्था रवाना होने के बाद भी दोनों देशों के बीच तनाव कम नहीं हुआ है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने धमकी भरे अंदाज में कहा है कि हमने जो भी किया है भारत की सुरक्षा के लिए किया है। इससे बाहरी पार्टियों को समस्या नहीं होनी चाहिए। चीन समर्थित राष्ट्रपति मुइज्जू का बयान ऐसे समय में आया है, जब भारतीय सेना का एक हेलीकॉप्टर जवानों के एक जत्थे को लेकर भारत लौटा है। यह हेलीकॉप्टर भारत ने ही मालदीव को गिफ्ट के तौर पर दिया था लेकिन चुनाव जीतने के बाद से ही मुइज्जू अपने भारत विरोधी अभियानों में जुटे हैं। मोहम्मद मुइज्जू ने कहा, मालदीव एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है और मालदीव के अधिकार क्षेत्र की निगरानी से किसी भी बाहरी पक्ष को चिंता नहीं होनी चाहिए।

मुइज्जू के कार्यालय की तरफ से जारी एक प्रेस रिलीज में कहा गया है कि, मालदीव की स्वतंत्रता और संप्रभुता अलग-अलग विचारधाराओं के बावजूद, पूरी आबादी के साझा हित में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे मालदीव के सभी देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों में बाधा नहीं आएगी। भारत मालदीव में सैन्य मौजूदगी वाला एकमात्र देश है। मालदीव की ताजा राजनीतिक परिस्थितियां मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद बदली है, जो कि एक चीन समर्थक हैं। अपने चीन समर्थक अभियानों की वजह से माना जाता है कि मुइज्जू को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। मालदीव करीब होने के चलते भारत के लिए काफी अहम हो जाता है लेकिन यहां चीन का साया मंडरा रहा है। वहीं दूसरी तरफ विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया था कि मालदीव में तैनात भारतीय सेना का पहला जत्था स्वदेश लौट आया है। मालदीव सरकार ने भारतीय सेना के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की तारीख तय की थी। हालांकि, 26 फरवरी को एक सिविलियन टेक्निकल टीम मालदीव पहुंची थी, जो भारतीय सैन्यकर्मियों की जगह लेंगे और वहां तैनाती भारतीय इक्वीपमेंट्स का संचालन करेंगे। मई महीने तक तमाम सैनिक भारत लौट आएंगे।

# चीन की मदद से पाकिस्तान को मिला पहला जासूसी जहाज

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान से कभी लड़ाकू जहाज बिकने की खबर आती है तो कभी जासूसी जहाज मिलने की खबरें चलती है। अब पाकिस्तान की खुशी का कारण बना है पाकिस्तान की नौसेना को अपना पहला जासूसी जहाज पीएनएस रिजवान मिल गया है। इस काम में पाकिस्तान की चीन ने जमकर मदद की है। इस जासूसी पोत का निर्माण चीन में ही किया गया है। हालांकि इस जासूसी जहाज के बारे में पाकिस्तान ने अब तक कोई जानकारी नहीं दी है। बता दें कि इस तरह के जासूसी जहाज दुनिया के गिने चुने देशों के ही पास हैं। इनमें अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और भारत शामिल हैं। चीन आए दिन अपने जासूसी जहाज को हिंद महासागरम में उतारदेता है। वह भारत के मिसाइल लॉन्च सिस्टम पर नजर रहने के फिराक में रहता है। चीन के साथ चल रही तनातनी के बीच वह भारत की ताकत के बारे में हर खबर रखना चाहता है। भारत चीन की इन हरकतों का जवाब भी देता रहा है। हालांकि श्रीलंका और मालदीव जैसे देशों की वजह से चीन को हिंद महासागर में जहाज उतारने का मौका मिल जाता है।

माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने जासूसी जहाज को अपने बेड़े में शामिल करके भारत के आईएनएस ध्रुव का जवाब दिया है। पाकिस्तानी जासूसी जहाज के पास भी न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल को ट्रैक करने और अन्य खुफिया जानकारियां जुटाने की क्षमता है। भारत के आईएनएस ध्रुव से मिलती जुलती क्षमता इसकी भी है। भारत में निर्मित आईएनएस ध्रुव 175 मीटर लंबी मिसाइल रेंज इन्स्ट्रुमेंटेशन शिप है। यह लॉन्ग रेंज रडार, डोम शेप ट्रैकिंग एंटीना और एडवांस सिस्टम से लैस है। पाकिस्तान का पीएनएस रिजवान आईएनएस ध्रुव की तुलना में छोटा है। बता दें कि आईएनएस ध्रुव को 2021 में भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया था। बता दें कि आईएनएस ध्रुव का निर्माण विशाखापत्तनम के हिंदुस्तान शिपयार्ड पर हुआ था। इसे नौसेना, डीआरडीओ और एनटीआरओ ने मिलकर बनाया था। भारत ने अपने शिप का निर्माण खुद किया है।

# कंगाल पाकिस्तान के नहीं बदले हाल... गैस की कीमत 500 पार

### –नई सरकार आने के बाद भी जनता मंहगाई से हुई परेशान



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में नई सरकार आने के बाद भी जनता को राहत नहीं मिली है। रमजान के पवित्र महीने में गैस की कमी पाकिस्तान में एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। जबकि शाहबाज सरकार ने आश्वासन दिया था कि गैस सप्लाई रमजान के दौरान बाधित नहीं होगी। अब लोगों को एलपीजी सिलिंडर पर निर्भर होना पड़ रहा है, इसकारण इनके दाम आसमान छू रहे हैं। एलपीजी सिलेंडर बेचने वाले डीलर इस समय मुंहमांगा दाम वसूल रहे हैं। इनकी कीमत दोगुनी बढ़ गई है, जिससे पाकिस्तान की जनता परेशान है।

कराची के रहने वाले शान ने दुख जताकर कहा, कुछ दिन पहले एक सिलेंडर की कीमत 200 रुपए थी। लेकिन जब से रमजान शुरू हुआ है कीमतें 500 रुपए तक बढ़ गई हैं। उन्होंने शिकायत की कि इस मंहगाई के कारण उनका बजट बिगड़ गया है। आसिफ अब्बासी नाम के शख्स ने कहा कि सरकार ने गैस की कीमतें कई गुना बढ़ा दी हैं। उन्होंने बताया कि सिलेंडर की एलपीजी माफिया कालाबाजारी कर रहे हैं, लेकिन सरकार आंखें मूंदे हुए है। पेशावर की रहने वाली सकीना ने कहा, एलपीजी के सिलेंडर विकल्प हैं, लेकिन अब वह भी महंगे हो गए हैं। गैस की कमी ने जिंदगी मुश्किल बना दी है। यहां की रहने वाली जहरा ने कहा, गैस कभी-कभी शाम 4 से शाम 7 बजे तक मिलता है। और अगर भाग्य ने साथ दिया, तब सुबह 4 से 7 बजे तक भी मिलता है। लेकिन इतने कम समय में न ठीक से खाना बना सकते हैं और न ही बच्चों के लिए नाश्ता बना सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान में एलपीजी की कीमतें 300-500 रूपए प्रति किग्रा तक पहुंच गई हैं।

# अलबर्टा में भारतीय उच्चायुक्त वर्मा का स्वागत देख चिढ़े खालिस्तानी

ओटावा (ईएमएस)। कनाडा के अलबर्टा में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा के स्वागत को लेकर खालिस्तानी इतना चिढ़े कि वे वेन्यू के बाहर हंगामा करने पहुंच गए। एक खालिस्तानी हवा में तलवार लहराता भी नजर आया। इसी बीच भारत समर्थकों के साथ झड़प हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक कनाडा की पुलिस ने स्थिति को संभाला और दोनों गुटों को समझा–बुझाकर शांत किया। बता दें कि खालिस्तानियों की धमकी को देखते हुए कालगरी में होने वाले कार्यक्रम को कैंसल कर दिया गया था। वहीं किसी दूसरी जगह पर उच्चायुक्त के स्वागत के रुप में केवल लंच का इंतजाम किया गया था। बता दें कि पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर खालिस्तानी निज्जर की हत्या का आरोप लगाने के बाद वर्मा पहली बार वेस्टर्न कनाडा के दौरे पर पहुंचे थे। खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने पहले ही वर्मा पर हमला करने की धमकी दी थी। जिसके बाद कनाडा के विदेश मंत्रालय ने भी इसका संज्ञान लेकर उनकी सुरक्षा में इजाफा कर दिया था। वहीं खालिस्तान समर्थकों पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। भारतीय उच्चायुक्त वर्मा ने कहा था कि, खालिस्तान समर्थकों ने कार्यक्रम को बाधित करने की पूरी कोशिश की थी लेकिन वे सफल नहीं हो सके। उन्होंने बताया था कि 80 के करीब खालिस्तान समर्थक वहां पहुंचे थे।

# अमेरिका के लिए जासूसी सैटेलाइट का नेटवर्क बना रही एलन मस्क की कंपनी

### –दुनिया के हर कोने पर नजर रखेगी अमेरिकी सेना

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** दिग्गज कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन के लिए जासूसी सैटेलाइट का नेटवर्क विकसित कर रही है। गोपनीय जानकारी के अनुसार, एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अमेरिका की खुफिया एजेंसी यूएस राष्ट्रीय टोही कार्यालय के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। यह प्रोजेक्ट 1.8 अरब डॉलर का है, जिसके तहत मस्क की कंपनी कई जासूसी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजेगी, जिनकी मदद से पूरी दुनिया के कोने-कोने पर नजर रखी जाएगी।

स्पेसएक्स और एनआरओ के बीच 2021 में यह समझौता हुआ था। अमेरिका की एनआरओ एजेंसी ही अमेरिका की विभिन्न सैटेलाइट्स का संचालन करती है। एनआरओ और स्पेसएक्स के बीच हुआ समझौता अगर सफल रहता है तो इससे अमेरिकी सेना की निगरानी क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी और अमेरिका आसानी से पूरी दुनिया पर खुफिया तौर पर निगाह रख सकेगा। फरवरी में भी मीडिया रिपोर्ट्स में इस डील की खबरें प्रकाशित हुईं थी, लेकिन उस वक्त यह पता नहीं चला था कि 1.8 अरब डॉलर की यह बड़ी डील किस कंपनी को मिली है।

**सैंकड़ों सैटेलाइट लॉन्च करेगी स्पेसएक्स**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पेसएक्स डील के तहत सैंकड़ों सैटेलाइट आसमान में लॉन्च करेगी। ये सैटेलाइट पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित की जाएंगी और ये सैटेलाइट दुनिया के कोने-कोने पर नजर रखेंगी। हालांकि यह प्रोजेक्ट कब तक पूरा होगा, इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। स्पेसएक्स दुनिया की सबसे बड़ी सैटेलाइट ऑपरेटर कंपनी है। हालांकि अभी तक इस प्रोजेक्ट को लेकर न तो स्पेसएक्स और न ही एनआरओ ऑफिस की तरफ से कोई बयान नहीं दिया गया है।



## केकेआर में सभी के साथ समान व्यवहार होगा : गंभीर

कोलकाता ।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मैंटोर गौतम गंभीर ने आईपीएल 2024 से ठीक पहले अपनी टीम का हौंसला बढ़ाया है। गंभीर की कप्तानी में टीम ने दो बार खिताब जीता था। अब अनका लक्ष्य टीम को तीसरा खिताब जिताना है। गंभीर ने अपनी टीम से जुड़ने के बाद कहा कि टीम में सीनियर जूनियर जैसा कोई सवाल नहीं हैं और सभी समान हैं। केकेआर द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में गंभीर ने कहा कि यह कुछ ऐसा है जो बहुत, बहुत अहम है। इसलिए जो लोग मेरे साथ खेले हैं, वे मेरे बारे में एक बात जानते होंगे, कि इस समूह में सभी के साथ समान व्यवहार किया जाएगा। कोई सीनियर जूनियर नहीं है। कोई घरेलू, अंतरराष्ट्रीय नहीं है। गंभीर ने कहा कि हम इस सत्र में अपनी ओर से सभी प्रयास करेंगे। यह एक बहुत ही गौरवान्वित और सफल फ्रेंचाइजी है। आप लोग एक बहुत ही सफल फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सुनिश्चित करें कि आप उसी तरह से प्रशिक्षण लेते हैं, आप उस तरह से खेलते हैं और आप मैदान के चारों ओर उसी तरह का रवैया अपनाते हैं। यह बहुत, बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। और एक बात जिस पर मैं पूरी तरह विश्वास करता हूं वह है खिलाड़ियों को पूरी आजादी देना। गंभीर ने कहा कि हमें एक मिशन मिला है और वह है इस आईपीएल को जीतना। इसलिए हर किसी को उस एक सरल मार्ग का अनुसरण करने की आवश्यकता है।

# अफगानिस्तान ने टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को 10 रनों से हराया

एजेंसी




**शारजाह।** मोहम्मद नबी 59 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी और कप्तान राशिद खान के बल्ले और गेंद से हरफनमौल प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने दूसरे टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को 10 रनों से हरा दिया है।

153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत ठीक रही और एंडी बालबर्नी और पॉल स्टर्लिंग की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट 49 रन जोड़े। एंडी बालबर्नी ने टीम के लिए सर्वाधिक 44गेंदों में 45 रनों की पारी खेली। गैरेथ डेलानी ने 18 गेंदों में 39 रन बनाये। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने 25 रन बनाये। लोर्कन टकर 10 रन बनाकर आउट हुये। 12वें ओवर में कर्टिस कैम्फर छह रन बनाकर आउट हुये। आयरलैंड टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 142 रन ही बना सकी और 10 रनों से मुकाबला हार गई।

अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने चार विकेट लिये। नांगेयालिया खरोटे को दो विकेट मिले। फजलहक फारूकी और मोहम्मद नबी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छा नहीं रही और सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज दूसरे ओवर में तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

इंडियन वेल्स

# लगातार दूसरी बार चैंपियन बने अल्कराज

कैलिफोर्निया।

इंडियन वेल्स ओपन फाइनल में कार्लोस अल्कराज ने डेनियल मेदवेदेव को 7-6(5), 6-1 से हराकर अपनी ट्रॉफी का बचाव किया, जबकि इगा स्वीयाटेक ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट गंवाए बिना मारिया सक्कारी को 6-4, 6-0 से हराकर अपने करियर का 20वां खिताब जीता। कार्लोस अल्कराज के लिए, अपने खिताब की रक्षा करने की यात्रा चुनौतियों से भरी थी। टखने की समस्या से जूझ रहे युवा स्पैनियार्ड को फाइनल में डेनियल मेदवेदेव के खिलाफ एक कठिन लड़ाई का सामना करना पड़ा। फाइनल मैच में एक मुश्किल शुरूआती सेट के बाद अल्कराज ने शानदार कमबैक किया। इस सेट में मेदवेदेव 6-5 से आगे थे। हालांकि, अल्कराज ने टाई-ब्रेक के जरिए वापसी करते हुए 7-5 से बढ़त हासिल की। दूसरे सेट में मैच की कहानी अलग दिखी और अल्कराज ने विश्व नंबर 4 को हराते हुए वर्ष का अपना पहला खिताब जीता। साथ ही ये उनका पिछली गर्मियों में विंबलडन के बाद पहला खिताबी जीत भी है। अल्कराज इंडियन वेल्स ताज का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले केवल छठे खिलाड़ी हैं। साथ ही 2016 में नोवाक जोकोविच के बाद इंडियन वेल्स में लगातार दो बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं। अपनी शानदारक जीत पर अल्कराज ने हर चुनौतियों पर डटे रहने और इंडियन वेल्स के भव्य मंच पर इस क्षण का लाभ उठाने के लिए सबका आभार व्यक्त किया। उनकी जीत न केवल टेनिस जगत में एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करती है, बल्कि दृढ़ता और आत्म-विश्वास की शक्ति के प्रमाण को भी दर्शाती है। अल्कराज ने कहा, मैं अभी बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यहां खेलना मेरे लिए बहुत खास है लेकिन मुझे लगता है कि यह साल कुछ ज्यादा ही खास है क्योंकि टूर्नामेंट से पहले मैं सोच रहा था कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ खेल पाऊंगा या नहीं। मैं टखने की चोट के कारण अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। इसलिए मेरे मन में बहुत संदेह था, लेकिन मैं उन समस्याओं से उबरने में सक्षम होने और अंत में बेहतर महसूस करने से वास्तव में खुश था। महिलाओं के फाइनल में, इगा स्वीयाटेक ने मारिया सक्कारी पर दो सीधे सेटों में शानदार जीत के साथ महिला सर्किट पर अपना दबदबा दिखाया युवा खिलाड़ी स्वीयाटेक ने शुरुआत में ही 3-0 की बढ़त बना ली, लेकिन सक्कारी ने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए वापसी की और अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए खतरा पैदा करना शुरू कर दिया। इसके बाद ग्रीक खिलाड़ी ने स्वीयाटेक के साथ स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया और फिर मैच यहां से बढ़कर 4-4 की बराबरी पर गया। कुल मिलाकर दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। लेकिन अंत में, पोलैंड के उभरते सितारे ने पहला सेट 6-4 से जीत लिया।



स्वीयाटेक ने अपने 69 डब्ल्यूटीए 1000 मैचों में से हर एक में जीत हासिल की है। स्वीयाटेक ने अपनी शानदार फॉर्म का प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 9वें रैंक की खिलाड़ी को हराया। स्वीयाटेक ने लगभग हर मुकाबले में अपनी सर्वोच्च गुणवत्ता दिखाई। फाइनल मुकाबले के अंतिम सेट में मारिया पूरी लाचार दिखीं। दूसरे सेट में मारिया सक्कारी को 6-0 से हार का सामना करना पड़ा, जिसका अंत पहले सेट के ठीक 20 मिनट बाद हुआ।

## कुंबले ने किया अश्विन की जमकर तारीफ

चेन्नई ।



भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन के 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने पर भारतीय टीम के पूर्व स्पिन गेंदबाज अनिल कुंबले ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। कुंबले ने कहा कि पिछले एक दशक में इस गेंदबाज के सामने कई चुनौतियां आई पर वह लगातार सीखने के जुनून और इच्छाशक्ति के कारण इस गेंदबाज ने सफल पाया हैं। भारत की तरफ से सबसे तेज 500 विकेट पूरे करने के बाद वर्तमान में अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट है। अश्विन इस वक्त भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। भारत के पूर्व लेग स्पिनर कुंबले ने कहा कि वे इससे बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं हैं।

तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया था, कुंबले ने इस समारोह में कहा, ''अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं, पर उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है. इस तरह की सफलता के लिए अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है।''कुंबले ने आगे कहा कि अश्विन भारतीय प्रशंसकों द्वारा उनसे की गई भारी उम्मीदों से निपटने में सक्षम हैं। कुंबले ने खेल के बारे में विशेषकर प्रतिद्वंद्वी के खेल के बारे में अश्विन की परख की प्रशंसा की। कुंबले ने आगे कहा कि 'जब मैं भारतीय टीम का कोच था तब हमने एक साल तक एक साथ काम किया था। अश्विन पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरते है। जिन खिलाड़ियों के खिलाफ उनका मुकाबला था उनके बारे में वह पूरी जानकारी रखते थे।''

## मंधाना ने डब्लूयपीएल खिताब जीतकर अहम उपलब्धि अपने नाम की

नई दिल्ली ।



स्मृति मंधाना ने अपनी कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को महिला प्रीमियर लीग (डब्लूयपीएल) खिताब जिताकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। वहीं विराट कोहली की कप्तानी में पुरुष टीम एक बार भी ये खिताब नहीं जीत पायी थी। फाइनल से पहले मंधाना ने कहा था कि जो आरसीबी की पुरुष टीम के साथ हुआ है। उससे उनकी तुलना न करें दोनो ही बातें अलग हैं। आरसीबी ने मंधाना को तीन करोड़ 40 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा था। वह महिला आईपीएल में बिकने वाली सबसे महंगी खिलाड़ी हैं जिसका लाभ अब टीम को खिताब के रुप में मिला है। मंधाना की नेट वर्थ करीब 33 करोड़ रुपए के आस पास है। मंधाना को बीसीसीआई से सालाना 50 लाख रुपये का रिटेनर मिलता है। इसके अलावा इस क्रिकेटर को प्रत्येक टेस्ट, एकदिवसीय और टी20ई के लिए 4 लाख, 2 लाख और 2.5 लाख रुपये मिलते हैं।

मंधाना को ब्रांड एनडोर्समेंट से भी अच्छी कमाई होती है। वह बूस्ट, हीरो मोटोकोर्प जैसी और भी कंपनी का विज्ञापन करते हुए भी नजर आती है। मंधाना ने टेस्ट मैच में डेब्यू साल 2014 में इंग्लैंड के खिलाफ किया था।. इसमें उन्होंने टीम को जिताने में मदद की थी जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। उन्होंने एकदिवसीय में डेब्यू बांग्लादेश के खिलाफ 10 अप्रैल 2013 को किया था।

# अपने आप को धोनी के कर्जदार मानते है अश्विन

### - अश्विन ने 17 साल पुराने किस्से को किया याद, बोले- तब मैं कुछ भी नहीं था

**चेन्नई ।** भारतीय टीम के स्टार स्पिन गेंदबाज आर अश्विन ने 17 साल पहले हुए एक वाक्या को याद करते हुए एमएस धोनी की खूब प्रशंसा की। अश्विन ने कहा कि वे अभी तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2011 के फाइनल में महेंद्र सिंह धोनी द्वारा नयी गेंद सौंपकर दिखाए गए भरोसे को नहीं भूले हैं। जिसके कारण उनके करियर को नई दिशा मिली और इसके लिए वह खुद को पूर्व भारतीय कप्तान का कर्जदार मानते हैं। लीक से हटकर रणनीति बनाने में माहिर धोनी ने 2011 आईपीएल के फाइनल मैच में आर अश्विन को नई गेंद थमाई थी जिसका मान रखते हुए इस उभरते हुए ऑफ स्पिनर ने चौथी ही गेंद पर फॉर्म में चल रहे क्रिस गेल को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए चेपक की वो जादुई रात अश्विन के लिए बस एक शुरुआत थी और तब से एक दशक के उतार चढ़ाव भरे सफर में उन्होंने 100 टेस्ट खेल लिए हैं और खेल के पारंपरिक प्रारूप में 516 विकेट झटक लिए हैं। तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा 500 विकेट और 100 टेस्ट की दोहरी उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान अश्विन उस पल को नहीं भूले हैं जब धोनी ने उन पर भरोसा दिखाया था। इस कार्यक्रम में अश्विन ने भावुक होते हुए कहा, 'मैं आम तौर पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए शब्दों की तलाश नहीं करता। मैं यहां आकर सच में इस सम्मान के लिए आभारी हूं.' अपने पहले आईपीएल कप्तान धोनी को श्रेय देते हुए अश्विन ने कहा, '2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के ड्रेसिंग रूम में मैं सभी महान खिलाड़ियों मैथ्यू हेडन और एमएस धोनी से मिला। तब मैं कुछ भी नहीं था और मेरा उस टीम में खेलना जिसमें मुथैया मुरलीधरन थे.' बकौल अश्विन, 'धोनी ने मुझे जो दिया, उसके लिए मैं जिंदगी भर उनका कर्जदार रहूंगा। उन्होंने मुझे नई गेंद से मौका दिया जबकि सामने क्रिस गेल थे और 17 साल बाद अनिल भाई इसी घटना के बारे में बात कर रहे हैं। चेन्नई की टीम ने 2008 में अश्विन को स्थानीय स्पिनर के तौर पर शामिल किया था।



## पाटीदार के टेस्ट फार्म का आईपीएल में असर नहीं पड़ेगा : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले कहा है कि बल्लेबाज रजत पाटीदार इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाये पर इससे ये नहीं कहा जा सकता कि वह आईपीएल में अच्छा नहीं खेल पायेंगे। आकाश ने कहा कि जो भी चिन्नास्वामी स्टेडियम तक पहुंचता है वह अपनी लय हासिल कर ही लेता है। वहीं आकाश ने कहा कि कप्तान डु प्लेसिस और विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए टूर्नामेंट के पिछले सत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे थे और उनकी निरंतरता इस बार भी बनी रहेगी। चोपड़ा ने कहा कि बेंगलुरु स्थित फ्रेंचाइजी के पास बैकअप के रूप में इंग्लैंड के बल्लेबाजी ऑलराउंडर विल जैक भी हैं। चोपड़ा ने कहा, इस टीम में बैकअप के रूप में विल जैक भी हैं। इसलिए टीम के पास काफी विकल्प हैं। शीर्ष पांच या छह उतने अच्छे हैं जितना आप कर सकते हैं। फाफ और कोहली पिछले साल बहुत बेहतर थे और ग्लेन मैक्सवेल भी निखर गये थे। इसके अलावा टीम के पास कैमरून ग्रीन जैसा शानदार बल्लेबाज है। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि जो कोई भी चिन्नास्वामी स्टेडियम में आता है, वह अपनी फॉर्म वापस पा लेता है। उन्होंने कहा, उनकी बल्लेबाजी को देखें। शुरुआत में आपके डु प्लेसिस और विराट होंगे। उसके बाद ग्रीन और उसके बाद मैक्सवेल या पाटीदार आते हैं। ये पांच बेहतरीन बल्लेबाज हैं।



## पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाना चाहते हैं अराइजीत

**नई दिल्ली ।** ड्रैग फ्लिकर और स्ट्राइकर अराइजीत सिंह हुंडल पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाना चाहते हैं। उनके दादा और पिता भी हॉकी खिलाड़ी थे पर राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाये थे। अब अराइजीत इस सपने को पूरा करना चाहते हैं। अराइजीत ने कहा, 'अगर मैं पेरिस ओलंपिक टीम में जगह बना पाता हूं तो हमारे घर पर जश्न का माहौल रहेगा। सबके चेहरे पर ऐसी खुशी होगी जो मैंने भी कभी नहीं देखी होगी। मैं भी वैसी खुशी देखना चाहता हूं और टीम में जगह के लिए पूरी ताकत लगा दूंगा। अराइजीत अभी ओलंपिक तैयारियों के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले भुवनेश्वर में जारी राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास कर रहे हैं। इस खिलाड़ी ने इस साल दक्षिण अफ्रीका दौरे से सीनियर टीम में पदार्पण किया था। 20 साल के इस खिलाड़ी ने दिसंबर में कुआलालम्पुर में खेले गए जूनियर विश्व कप में कोरिया के खिलाफ एक हैट्रिक सहित भारत की ओर से सबसे अधिक चार गोल किए थे। उन्होंने कहा, 'मेरे परिवार का सपना है कि मैं ओलंपिक खेलूं। दादाजी हॉकी खेलते थे। पापा के तीन भाई थे और सभी राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेले हैं। सभी को हॉकी के आधार पर ही नौकरी मिली पर भारतीय टीम में कोई जगह नहीं बना सका। उन्होंने कहा, 'मेरे पापा 1999 में राष्ट्रीय शिविर में थे लेकिन पारिवारिक कारणों से उन्हें बीच में शिविर छोड़कर जाना पड़ा। अंत में अब मैं ही रह गया हूं क्योंकि मेरे अलावा अब परिवार में कोई नहीं खेलता पर मुझे भरोसा है कि मैं उनके सपने पूरे करूंगा। अराइजीत ने कहा कि सीनियर स्तर पर खेलना बिल्कुल अलग होता है। मैंने तीन चार साल जूनियर हॉकी खेली और दो विश्व कप भी खेल चुका हूं। पिछले विश्व कप में मेरे प्रदर्शन को देखकर ही सीनियर टीम में जगह मिली है। उन्होंने कहा, 'मुझे दक्षिण अफ्रीका में पदार्पण का मौका मिला और फिर भारत में एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ अवसर दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

## आठ अप्रैल को होगा आरसीए अध्यक्ष पद का चुनाव

**जयपुर ।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव अगले माह 8 अप्रैल को होंगे। इसके लिए नामांकन 4 अप्रैल से शुरु होगा। आरसीए से वैभव गहलोत के इस्तीफे के बाद से ही धनंजय सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे थे। वहीं अब स्थायी अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया अपनाई जा रही है। आरसीए के सचिव की ओर से जारी की गई सूची में धनंजय सिंह खींवसर अध्यक्ष पद के दावेदार हैं। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद पिछले महीने फरवरी 2024 में चूरू जिला क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव हुए थे। आरसीए के तत्कालीन अध्यक्ष वैभव गहलोत ने उपाध्यक्ष शक्ति सिंह को चूरू भेज कर चुनाव प्रक्रिया कराई थी। चुनाव में पराक्रम सिंह राठौड़ चूरू जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए लेकिन आरसीए के सचिव भवानी सिंह सामोता ने इस चुनाव परिणाम को मानने से इनकार कर दिया। आरसीए के चुनाव में प्रदेश के सभी 33 जिला संघों के पदाधिकारी चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन मतदान का अधिकार केवल जिला सचिव के पास है। 33 जिला सचिवों के साथ दो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गगन खोड़ा और पंकज सिंह भी मतदाता हैं। ऐसे में कुल 35 व्यक्ति मतदान कर सकते हैं। जिला अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी चुनाव तो लड़ सकते हैं लेकिन वे मतदान नहीं कर सकते।15 मार्च को आरसीए सचिव की ओर से वोटर लिस्ट जारी की गई है। अब 27 से 29 मार्च तक वोटर लिस्ट पर आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। 1 और 2 अप्रैल को आपत्तियों पर सुनवाई होगी। 3 अप्रैल को चुनाव अधिकारी फाइनल वोटर लिस्ट जारी करेंगे। इसके बाद 4 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होगा और इसके साथ ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होगी। 7 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे वहीं आठ को मतदान होगा।

## ईशान किशन ने मैदान गंदा करने वालों को सुनाई खरी-खरी

**मुंबई ।** आईपीएल के इस सीजन में विवादों में घिरे क्रिकेटर ईशान किशन के पास शानदार प्रदर्शन करके खुद को फिर से साबित करने का एक सुनहरा मौका है। यह सीजन 22 मार्च से शुरू होने जा रहा हैं। विवादों के चलते दुनिया की सबसे महंगी टी-20 लीग से पहले यह बल्लेबाज कुछ उखड़ा-उखड़ा सा नजर आ रहा है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस फ्रैंचाइजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से ईशान किशन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए प्रैक्टिस सेशन के दौरान पानी की बोतलें इधर-उधर न फेंकने का आग्रह कर रहे हैं। मुंबई इंडियंस द्वारा शेयर किए गए वीडियो में ईशान किशन ने कहा, हर कोई अभ्यास के लिए आता है। लेकिन जहां भी वे जाते हैं, उन्हें हर जगह पानी की बोतलें नहीं फेंकनी चाहिए। कोशिश करें और अपने मैदान को साफ रखें। बस छोटी चीजें और आप हर चीज में सुधार करेंगे। छोटे बदलाव भी महत्वपूर्ण हैं, जो आपको करना चाहिए। इस वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और अपनें कमेंट्स और लाइक्स की लाइन लगा दी हैं। गौरतलब है कि रणजी ट्रॉफी सहित राष्ट्रीय और घरेलू मुकाबले से बाहर रहना ईशान किशन को उस वक्त भारी पड़ा, जब बीसीसीआई ने अपने सैंट्रल कॉन्ट्रेक्ट से उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब यह युवा विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में शानदार कमबैक के साथ सिलेक्टर्स का ध्यान खिंचना चाहता हैं। पिछले सीजन में, मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ में जगह बनाई थी, लेकिन गुजरात टाइटंस ने उसे हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

## अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी जगह बनाना चाहता हूं : जुरेल



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचने वाले युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल का कहना है कि वह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी जगह बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। पदार्पण के बाद से ही जिस प्रकार जुरेल ने खेला है उससे उनकी तुलना पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी से हो रही है। इसको लेकर इस युवा बल्लेबाज ने कहा कि धोनी से किसी की भी तुलना नहीं हो सकती। साथ ही कहा कि धोनी की कोई भी खिलाड़ी बराबरी नहीं कर सकता। धोनी केवल एक हैं और एक ही रहेंगे। जुरेल ने हाल में इंग्लैंड के खिलाफ संपन्न 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी की थी। इसके साथ ही उनकी विकेटकीपिंग भी अच्छी रहीं। बल्लेबाजी में भी जुरेल ने दबाव के अवसरों पर अपनी उपयोगित साबित क। वह डीआरएस लेने के मामले में भी कप्तान रोहित शर्मा को सलाह देते दिखे। इसी कारण पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने उनकी प्रशंसा करते हुए धोनी से तुलना कर दी थी। उन्होंने इसपर गावस्कर को धन्यवाद दिया और साथ ही कहा कि व्यक्तिगत तौर पर मेरा मानना है कि धोनी सर ने जो किया उसे कोई भी दोहरा नहीं सकता। जुरेल ने कहा, ' धोनी तो एक ही हैं। हमेशा थे और सदा रहेंगे। मेरे लिए, मैं केवल ध्रुव जुरेल बनना चाहता हूं. मैं जो कुछ भी करता हूं, ध्रुव जुरेल के रूप में करना चाहता हूं पर धोनी सर एक लीजेंड हैं और वह हमेशा ऐसे ही रहेंगे।' जुरेल ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट है और इंडिया का कैप हासिल करना उनका सपना था जो सच हो गया। मुझे भरोसा था कि मैं किसी दिन टेस्ट क्रिकेट खेलूंगा और यह हो गया है। मेरे लिए यह एक सपने के सच होने जैसा रहा।' वह हमेशा से टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते थे

# भारत के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही वैश्विक खिलौना कंपनियां



**नई दिल्ली ।**

खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन के लिए जो बात नुकसान वाली हो सकती है, वह भारत के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही है। भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 15 और वित्त वर्ष 23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई तथा आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई। इसके परिणामस्वरूप देश शुद्ध निर्यातक बन गया। भारत में खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है। उद्योग के भागीदारों के अनुसार हालांकि हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए देश पर अधिक निर्भर हैं, लेकिन इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास जैसी प्रमुख विनिर्माता अपना ध्यान धीरे-धीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रहीं हैं। बीआईएस के नियमन से पहले खिलौनों के लिए भारत की चीन पर 80 प्रतिशत निर्भरता थी, जो अब कम हो गई है। आज कई कंपनियों ने भारत में अपना आधार तैयार किया है। कंपनी हैसब्रो, स्पिन मास्टर, अर्ली लर्निंग सेंटर, फ्लेयर और ड्रूमोंड पार्क गेम्स जैसी अंतरराष्ट्रीय खिलौना कंपनियों को भी आपूर्ति करती है। कंपनी द्वारा उत्पादित करीब 60 प्रतिशत उत्पाद अब निर्यात बाजारों की जरूरतें पूरी कर रहे हैं, जिनमें अमेरिका में जीसीसी, यूरोप के 33 देश शामिल हैं।

# सोना-चांदी के कारोबार की सुस्त शुरुआत

## -सोना 65,250 और चांदी 75,250 रुपए के करीब



**नई दिल्ली ।**

इस सप्ताह सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत सुस्त रही। दोनों के वायदा भाव गिरावट साथ खुले। सोना 65,250 हजार रुपये और चांदी 75,250 रुपये के करीब कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। लेकिन बाद में सुस्त पड़ गए। सोने के वायदा भाव में सोमवार को सुस्ती देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 94 रुपये की गिरावट के साथ 65,348 रुपये के भाव पर खुला और 283 रुपये की गिरावट के साथ 65,259 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 65,395 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 65,250 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 66,356 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।चांदी के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 150 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये के भाव पर खुला जो 387 रुपये की गिरावट के साथ 75,263 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट और चांदी वायदा भाव की तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,159.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,161.50 डॉलर था। फिलहाल यह 7.60 डॉलर की गिरावट के साथ 2,153.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 25.40 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 25.38 डॉलर था। फिलहाल यह 0.12 डॉलर की गिरावट के साथ 25.25 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में सोमवार को डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.01 फीसदी की गिरावट के साथ 81.03 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 85.29 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। बता दें कि तेल कंपनियों ने 15 मार्च से पेट्रोल और डीजल की कीमत में 2 रुपये की कटौती की है। वहीं लक्षवद्वीप में पेट्रोल और डीजल 15 रुपये तक सस्ता हो गया है। हालों कि पेट्रोल-डीजल में कोई बदलाव नहीं दिखाई दे रहा है। राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। नोएडा में पेट्रोल 94.83 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरुप्पेट्रोल 99.84 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.65 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग के साथ आ रही टाटा पंच

## ग्राहक माइलेज के साथ सेफ्टी रेटिंग पर भी दे रहे ध्यान

**नई दिल्ली ।**

अगर आप एक नई कार खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको भी सेफ्टी और एसयूवी पहली पसंद है। साथ ही आपका बजट भी अगर ज्यादा नहीं है तो हम यहां आपको एक ऐसे मॉडल के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग के साथ आता है और ये एक एसयूवी भी है। दरअसल, हम यहां टाटा पंच के बारे में बात कर रहे हैं। ये भारत की सबसे सस्ती 5 स्टार रेटिंग वाली एसयूवी है। इस कार को ग्लोबल एनकैप से 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। इसकी कीमत की बात करें तो ये बाजार में 6.13 लाख रुपये से लेकर 10.20 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) के बीच की कीमत में मिलती है। ये प्योर एडवेंचर, अकोंप्लीस्ड और क्रिएटिव वाले चार ब्रॉड वेरिएंट्स में आती है।टाटा की इस माइक्रो एसयूवी में 5 पैसेंजर्स बैठ सकते हैं और इसका बूट स्पेस 366 लीटर है। वहीं, इसमें 187 एमएम का ग्राउंड क्लीयरेंस भी मिलता है। सेफ्टी फीचर्स की बात करें तो इसमें डुअल फ्रंट एयरबैग्स, ईबीडी के साथ एबीएस, रियर पार्किंग सेंसर, एक रियर-व्यू कैमरा, एक टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस), और इसोफिक्स एंकर्स जैसे फीचर्स मिलते हैं। इसके अलावा इसमें कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी के साथ 7-इंच टचस्क्रीन डिस्प्ले, 7-इंच सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट पैनल, ऑटोमैटिक एसी और क्रूज़ कंट्रोल जैसे फीचर्स भी मिलते हैं। इंजन की बात करें तो इसमें 1.2-लीटर पेट्रोल इंजन मिलता है। जो (88 पीएस की पावर और 115 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसमें 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी का ऑप्शन मिलता है। इसका सीएनजी वेरिएंट इसी इंजन को यूज करता है और इसमें केवल 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स का ऑप्शन मिलता है। ये सीएनजी मोड 73.5 पीएस की पावर और 103 एनएम टॉर्क जनरेट करता है।

# स्मार्टफोन वीवो टी3 भारत में होगा जल्द लॉन्च

## -मिल सकती है 44वॉट की फ्लैश चार्जिंग

**नई दिल्ली ।**

भारत में जल्द मिड-रेंज 5जी स्मार्टफोन वीवो टी3 लॉन्च किया जाएगा। आने वाला ये फोन कंपनी के वीवो टी2 5जी के सक्सेसर के रूप में आएगा, और उम्मीद की जा रही है कि इसे 20,000 रुपये से कम दाम में पेश किया जाएगा। फ्लिपकार्ट पर इस फोन का टीज़र जारी कर दिया गया है, और इसकी लैंडिंग पेज पर लिखा है, 'कमिंग सुन '। बैनर के साथ-साथ फोन की झलक को भी देखा जा सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि वीवो टी3 5जी फ्लैट एज डिज़ाइन के साथ आता है और इसके क्रिस्टल फ्लैक और कॉस्मिक ब्लू कलर वेरिएंट में आने की बात कही गई है। वीवो टी3 5जी के फीचर्स को लेकर कंपनी ने तो कोई ऑफियल जानकारी नहीं दी है, लेकिन ऐसी उम्मीद है कि फोन 6.67-इंच के अमोलेड डिस्प्ले के साथ आएगा और इसमें 120एचझेड रिफ्रेश रेट मिलेगा। फोन फुल-एचडी+ रेज़ोलूशन और 1800 निट्स की पीक ब्राइटनेस को सपोर्ट कर सकता है। पावर के लिए वीवो के आने वाले फोन में 5000 एमएएच की बैटरी दी जा सकती है और इसमें 44 वॉट फ्लैश चार्ज होने की उम्मीद है।



स्मार्टफोन डुअल स्पीकर सेटअप और स्पलैश और धूल से बचाव के लिए फोन में आईपी 54 रेटिंग मिल सकती है।फोन को पावर देने वाला ऑक्टा-कोर मीडियाटेक डाइमेंशन 7200 प्रोसेसर 8जीबी रैम के साथ होने की उम्मीद है।कैमरे के तौर पर वीवो टी3 5जी में ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन (ओआईएस) के साथ 50 मेगापिक्सल का प्राइमेरी कैमरा और 2 मेगापिक्सल का दूसरा कैमरा हो सकता है, जबकि सेल्फी के लिए फोन में 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा होने की उम्मीद की जा रही है।

## रुपया दो पैसे बढ़कर 82.84 पर

**मुंबई ।** विदेशी कोषों की आवक के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे बढ़कर 82.84 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती के चलते शुरुआती कारोबार में रुपये की बढ़त सीमित रही। इस दौरान स्थानीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 82.83 से 82.84 के दायरे में रही। रुपया शुक्रवार को 82.86 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 103.43 पर सपाट कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.35 प्रतिशत बढ़कर 85.64 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।



## भारत की मौजूदा आर्थिक तेजी का दौर 2003-07 जैसा: मॉर्गन स्टैनली




**नई दिल्ली ।** निवेश के बल पर आगे बढ़ रही भारत की वर्तमान ओ र्थिक वृद्धि की रफ्तार 2003-07 जैसी दिखाई दे रही है। उस समय आर्थिक वृद्धि दर औसतन 8 प्रतिशत से अधिक थी। मॉर्गन स्टैनली के अर्थशास्त्रियों ने यह बात कही है। मॉर्गन स्टैनली ने एक रिपोर्ट में कहा कि एक दशक तक जीडीपी के मुकाबले निवेश में लगातार गिरावट के बाद अब भारत में पूंजीगत व्यय वृद्धि के प्रमुख चालक के रूप में उभरा है। रिपोर्ट के मुताबिक हमें लगता है कि पूंजीगत व्यय चक्र के लिए पर्याप्त गुंजाइश है और इसलिए वर्तमान तेजी 2003-07 के समान है। मॉर्गन स्टैनली के अर्थशास्त्रियों ने कहा कि वर्तमान तेजी खपत की तुलना में निवेश बढ़ने के चलते है। शुरुआत में इसे सार्वजनिक पूंजीगत व्यय से समर्थन मिला, लेकिन निजी पूंजीगत व्यय में भी वृद्धि हो रही है। इसी तरह खपत को पहले शहरी उपभोक्ताओं ने सहारा दिया और बाद में ग्रामीण मांग भी बढ़ी। वैश्विक निर्यात में बाजार हिस्सेदारी बढ़ने और व्यापक आर्थिक स्थिरता से भी अर्थव्यवस्था को समर्थन मिला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारा मानना है कि मौजूदा तेजी जीडीपी के मुकाबले निवेश बढ़ने से है।

## अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब डॉलर पहुंचा



**वाशिंगटन।** चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान स्मार्टफोन के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दो प्रतिशत थी। एक अधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात को बढ़ावा मिला। इसके साथ ही भारत, अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। पहले स्थान पर चीन और दूसरे स्थान पर वियतनाम हैं। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान अमेरिका को किए जाने वाले स्मार्टफोन निर्यात में चीन और वियतनाम की हिस्सेदारी घटी है। शीर्ष पांच आपूर्तिकर्ताओं से अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात अप्रैल-दिसंबर 2023 में घटकर 45.1 अरब डॉलर रह गया, जो अप्रैल-दिसंबर 2022 में 49.1 अरब डॉलर था। चीन ने समीक्षाधीन अवधि में अमेरिका को 35.1 अरब डॉलर के स्मार्टफोन का निर्यात किया, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 38.26 अरब डॉलर था। इसी तरह वियतनाम का अमेरिका को निर्यात घटकर 5.47 अरब

# भारी उतार-चढ़ाव के बीच हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

## टाटा स्टील के शेयर में आया बंपर उछाल

**मुंबई ।**




बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली बढ़त के साथ हरे निशाना पर बंद हुए। निवेशक इस सप्ताह यूएस फेडरल रिजर्व के इंटरेस्ट रेट को लेकर फैसले और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए सतर्क दिख रहे हैं। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 104.99 अंक की बढ़त लेकर 72,748.42 अंक पर बंद हुआ। दिन के कामकाज के दौरान यह 72,985.89 के शीर्ष और 72,314.16 के निचले स्तर तक चला गया था। इस तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी-50 भी 32.35 अंक की बढ़त के साथ 22,055.70 अंक के लेवल पर बंद हुआ।

सोमवार को सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील ने 5 प्रतिशत से ज्यादा की छलांग लगाई। साथ ही महिंद्रा एंड महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति अन्य सबसे बड़े लाभ में रहे। दूसरी तरफ, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन, विप्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले के शेयर लाल निशान में बंद हुए। इसके अलावा ऑटो, मेटल, कमोडिटी और हेल्थकेयर शेयरों में तेजी आई जबकि आईटी और टेक शेयरों को नुकसान का सामना करना पड़ा।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया सियोल, जापान का टोक्यो, चीन का शंघाई और हांगकांग के शेयर बाजार बढ़त में बंद हुए। स्टॉक एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 848.56 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी।

## भारतीय स्टार्टअप इस साल 8-12 अरब डॉलर जुटाएगा - पीक एक्सवी

**नई दिल्ली ।** उद्यम पूंजी फर्म पीक एक्सवी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने सोमवार को कहा कि भारतीय स्टार्टअप इस साल 8-12 अरब डॉलर जुटाने पर विचार कर रहा है। उन्होंने यहां आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में कहा कि देश का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र दुनिया में सबसे जीवंत है। लगभग 20 अरब अमेरिकी डॉलर की निजी पूंजी बिना निवेश के पड़ी है और वह भारत में निजी फर्मों और स्टार्टअप में निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि 2021 से पहले भारतीय स्टार्टअप में निवेश की राशि लगभग 8-10 अरब डॉलर थी, जो 2021 और 2022 में संयुक्त रूप से बढ़कर 60 अरब डॉलर हो गई। पिछले साल यह सात अरब डॉलर थी, जिसे लोगों ने कम कहा। यह शून्य भी हो सकती थी, क्योंकि छह साल का वित्त पोषण दो साल में मिल गया था। इस साल हम 8-10 या 12 अरब डॉलर की राह पर हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए हर साल 10 अरब डॉलर या लगभग 80,000 करोड़ रुपये का वित्त पोषण पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि आज भारत में करीब 20 स्टार्टअप हैं, जो शेयर बाजार में सूचीबद्ध हैं और अगले 7-8 वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 100 तक पहुंचने की उम्मीद है।

## बेटरप्लेस ने कौशल विकास के लिए यूपी सरकार से समझौता किया

**नई दिल्ली ।** ग्राहक सेवा से सीधे जुड़े कर्मचारियों का प्रबंधन करने वाली कंपनी बेटरप्लेस ने कहा कि उसने 2025 तक एक लाख लोगों के कौशल विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समझौता किया है। कंपनी ने कहा कि इनमें कम से कम 25 प्रतिशत महिलाएं होंगी। बयान के मुताबिक बेटरप्लेस ने उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के तहत बेटरप्लेस के डिजिटल लर्निंग मंच की मदद से ग्राहक सेवा से सीधे जुड़े कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। बेटरप्लेस के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण की मदद से कर्मचारियों को भविष्य की जरूरत के अनुसार खुद को तैयार करने में मदद मिलेगी।

## चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत

हांगकांग (ईएमएस)। चीन के विनिर्माण और निवेश में 2024 के पहले दो महीनों में सुधार हुआ है, जबकि रियल एस्टेट क्षेत्र अभी भी कमजोर बना हुआ है। चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि जनवरी-फरवरी में औद्योगिक उत्पादन सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़ा। यह आंकड़ा विश्लेषकों के अनुमान से बेहतर है। इस दौरान कारखानों और उपकरणों पर खर्च 4.2 प्रतिशत बढ़ गया। दूसरी ओर जनवरी-फरवरी में रियल एस्टेट क्षेत्र सुस्त रहा और इसमें पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले नौ प्रतिशत की गिरावट हुई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा कि संपत्ति बाजार अभी भी समायोजन और बदलाव के दौर से गुजर रहा है, लेकिन इस महीने की शुरुआत में चीन के वार्षिक विधायी सत्र में घोषित नीतियों से स्थिर और स्वस्थ वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। इन नीतियों में डेवलपर्स के लिए वित्तपोषण बढ़ाने और अधिक किफायती आवास बनाने की बात शामिल है।

# फ्लिपकार्ट का मूल्यांकन दो साल में 41,000 करोड़ घटा

**नई दिल्ली ।**

ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट का मूल्यांकन दो साल में पांच अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 41,000 करोड़ रुपये) घट गया है। फ्लिपकार्ट में वॉलमार्ट के इक्विटी ढांचे में बदलाव के अनुसार ई-कॉमर्स कंपनी का मूल्यांकन 31 जनवरी, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में 40 अरब डॉलर था, जो 31 जनवरी, 2024 को घटकर 35 अरब डॉलर रह गया। फ्लिपकार्ट ने मूल्यांकन में गिरावट की वजह वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे को अलग कंपनी के रूप में विभाजित करने को बताया है।सूत्रों का कहना है कि फ्लिपकार्ट का मौजूदा मूल्यांकन 38-40 अरब डॉलर के बीच है। वॉलमार्ट ने वित्त वर्ष 2021-22 में फ्लिपकार्ट में आठ प्रतिशत हिस्सेदारी को 3.2 अरब डॉलर में बेचा था। इस हिसाब से ई-कॉमर्स कंपनी का मूल्यांकन 40 अरब डॉलर बैठता है। वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिकी खुदरा क्षेत्र की दिग्गज ने 3.5 अरब डॉलर का भुगतान कर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत बढ़ाकर 85 प्रतिशत कर दी। इसके आधार पर फ्लिपकार्ट का उद्यम मूल्य 35 अरब डॉलर बैठता है। हालांकि, फ्लिपकार्ट ने वॉलमार्ट की रिपोर्ट के अनुसार मूल्यांकन में दिखाई गई कमी को खारिज करते हुए कहा है कि यह कंपनी के मूल्यांकन में उचित समायोजन की वजह से है। फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता ने कहा` कि यह व्याख्या गलत है। फोनपे को अलग करने का काम 2023 में पूरा हुआ था। इससे फ्लिपकार्ट के मूल्यांकन में उचित समायोजन हुआ।




## एक साल में भारतीय रेलवे की आय 17,000 करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली ।** भारतीय रेलवे बीते कुछ सालों से जमकर कमाई कर रही है। इस वित्त वर्ष 2023-24 की बात करें तो रेलवे ने माल ढुलाई, कुल राजस्व, ट्रैक बिछाने के मामले में रिकॉर्ड बनाने की राह पर है। आंकड़ों पर नजर डालें तो वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, भारतीय रेलवे का कुल राजस्व अब तक 2.40 लाख करोड़ रुपये है। कमाई की ये आंकड़ा पिछले साल 15 मार्च को 2.23 लाख करोड़ रुपये था। यानी की एक साल में भारतीय रेलवे ने कुल राजस्व में करीब 17,000 करोड़ की वृद्धि दर्ज की है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय रेल का कुल व्यय 2.26 लाख करोड़ रुपये है। रेलवे से मिले प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार भारतीय रेल ने शुक्रवार को 1,500 मिलियन टन की मूल माल ढुलाई की है। बीते साल ये आंकड़ा 1,512 मिलियन टन था। आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रेलवे से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 648 करोड़ है। जो कि पिछले साल से 52 करोड़ अधिक है। पिछले वर्ष यात्रा करने वाले यात्रियों की कुल संख्या 596 करोड़ थी। वित्तीय वर्ष में अब तक भारतीय रेल द्वारा 5,100 किलोमीटर नई रेलवे ट्रैक बिछाई गई है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in